दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 198 जयपुर, गुरुवार, 27 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### आडवाणी की तबीयत बिगड़ी... एम्स में भर्ती



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उन्हें एम्स के जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया है। दरअसल, 96 वर्षीय आडवाणी उम्र संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। बुधवार देर शाम को उन्हें कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद तुरंत उन्हें एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें अपनी निगरानी में भर्ती कर लिया।

### केजरीवाल को भेजा तीन दिन की CBI रिमांड पर



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। आबकारी नीति कथित घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी। -पेज 7 भी देखें

### गोल्डी बराड़ और उसके गैंगस्टर पर 10 लाख का इनाम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने घोषित आतंकी सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके एक गैंगस्टर साथी गुरुप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों पर 10 लाख के इनाम की घोषणा की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को बताया कि गोल्डी बराड़ और उसका गैंगस्टर साथी चण्डीगढ़ में एक व्यापारी से फिरौती और उसके आवास पर गोलीबारी के मामले में वांछित है। जांच एजेंसी का कहना है कि इनमें से किसी एक के बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख का इनाम दिया जाएगा।

**मौसम अपडेट:** राजधानी जयपुर सहित छह संभागों में बरसे मेघ... तपनभरी गर्मी से मिली राहत

# प्रदेश में मानसून की एंट्री के साथ ही कई जिले हुए तर-ब-तर

**बेधड़क** | जयपुर

मौसम को लेकर तमाम कयासों के बीच इस वर्ष भी मानसून तय समय में प्रदेश में प्रवेश किया है। पहले ही दिन प्रदेश के 8 जिलों में तेज बारिश हुई। मानसून की पहली बारिश ने मानसून के शुभ संकेत दे दिए हैं। मौसम विभाग की माने तो इस साल प्रदेश के 80 फीसदी से ज्यादा क्षेत्र में सामान्य से अधिक बारिश होगी। यह खबर न केवल किसानों के लिए बल्कि पूरे प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशी लाने वाली है। इधर, प्रदेश में बुधवार को जयपुर, अलवर, नागौर, चित्तौड़गढ़, पाली, सिरोही, भरतपुर, उदयपुर और चूरू में दोपहर बाद मौसम बदला। इन जिलों में अच्छी बरसात हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। राजधानी जयपुर में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया।




@ जयपुर

### दक्षिण क्षेत्र में भारी बारिश का अलर्ट

दक्षिण राजस्थान के जिलों में 27 जून से लेकर अगले तीन दिन तक भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। पूर्व राजस्थान के बारां, झालावाड़, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और कोटा में भारी बारिश होने की संभावना है। मानसून की बारिश के बावजूद भी जोधपुर और बीकानेर संभाग का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

### पाली: छज्जा गिरने से भाई-बहन की मौत

पाली जिले के बाली क्षेत्र में बीजापुर में राता महावीर जी रोड पर दोपहर करीब 3 बजे बारिश से बचने के लिए दुकान के बाहर बैठे लोगों पर छज्जा गिर गया। हादसे में भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां और एक अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। घायलों को बाली अस्पताल में प्राथमिक इलाज करने के बाद सुमेरपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार देसूरी के मावल सानिया (6) पुत्री पूनाराम कीर, कमलेश (12) पुत्र पुनाराम कीर, पार्वती (30) पत्नी पूनाराम और बीजापुर निवासी हीरालाल पुत्र नारायण लाल मेघवाल पर दुकान का छज्जा गिर गया। हादसे में सानिया और कमलेश की मौत हो गई। वहीं पार्वती और हीरालाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

**जाखड़ के बाद दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले राजस्थान के दूसरे नेता**

# ओम बिरला ने रचा इतिहास लगातार दूसरी बार बने स्पीकर

**बेधड़क** | नई दिल्ली

18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुन लिया गया है। ओम बिरला ने इतिहास रच दिया है। वो लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष बनने वाले बीजेपी के पहले नेता है और ऐसा करने वाले छठे व्यक्ति हैं जिन्हें दोबारा लोकसभा का अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

बुधवार को ओम बिरला को ध्वनिमत से लोकसभा का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। ओम बिरला को लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी और कहा कि ज्यादातर स्पीकर या तो चुनाव नहीं लड़े या जीतकर नहीं आए। आप जीतकर आए और नया इतिहास रचा है। बता दें कि ओम बिरला लगातार तीसरी बार राजस्थान के कोटा से चुनकर संसद पहुंचे हैं और दूसरी बार वो स्पीकर बने हैं। दरअसल, 48 साल बाद पहली बार स्पीकर के पद के लिए चुनाव हुआ। एनडीए की ओर से ओम बिरला उम्मीदवार थे तो वहीं, दूसरी ओर इंडिया गठबंधन से के सुरेश प्रत्याशी थे। प्रधानमंत्री ने ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा, उसके बाद बारी बारी से एनडीए के दूसरे नेताओं ने प्रस्ताव रखा और अनुमोदन किया। इसके बाद विपक्ष की ओर से के सुरेश के नाम का प्रस्ताव रखा गया। फिर प्रोटेम स्पीकर ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को पास कर दिया क्योंकि विपक्ष की ओर से वोटिंग या डिविजन की मांग नहीं की गई थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने ओम बिरला के नाम का प्रस्ताव सदन में रखा तो वहां मौजूद सदन के सदस्यों ने उन्हें ध्वनि मत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ओम बिरला को उनके आसन तक लेकर गए। पेज 7 भी देखें



### पीएम मोदी और राहुल ने मिलाया हाथ

भाजपा सांसद ओम बिरला के लगातार दूसरी बार स्पीकर चुने जाने के बाद लोकसभा में पीएम मोदी और राहुल गांधी साथ नजर आए। दोनों ने एक-दूसरे से गर्मजोशी से हाथ भी मिलाया। इसके बाद ओम बिरला को स्पीकर की कुर्सी तक वे साथ लेकर गए। राहुल गांधी को एक दिन पहले विपक्षी गठबंधन ने नेता विपक्ष चुना है। नेता विपक्ष के तौर पर सदन में जिम्मेदारी लेने वाले वह गांधी परिवार के तीसरे नेता हैं। इससे पहले उनकी मां सोनिया गांधी और पिता राजीव गांधी सदन में नेता विपक्ष रह चुके हैं।

### देश की दोनों शीर्ष संवैधानिक पदों पर राजस्थान के जनप्रतिनिधि

राजस्थान के लिए यह गर्व करने वाली बात है कि देश की दोनों शीर्ष संवैधानिक संस्थाओं राज्यसभा और लोकसभा के मुखिया की कुर्सी पर राजस्थान के जनप्रतिनिधि विराजमान है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्यसभा के प्रमुख यानी पदेन सभापति हैं। ओम बिरला राजस्थान के कोटा जिले के रहने वाले हैं और वे कोटा लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार सांसद निर्वाचित होकर लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने हैं। जगदीप धनखड़ भी राजस्थान के झुंझुनूं जिले के रहने वाले हैं। 1989 में झुंझुनूं लोकसभा सीट से सांसद बनकर राजनीति में आने वाले धनखड़ केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल का सफर करते हुए उप राष्ट्रपति पद तक पहुंचे।

### बिरला के नाम बने तीन रिकॉर्ड



लोकसभा के नए स्पीकर ओम बिरला के नाम तीन नए रिकॉर्ड बन गए हैं। भाजपा के पहले नेता जो दो बार स्पीकर बने ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनते ही उनके नाम तीन नए रिकॉर्ड बन गए। वे भाजपा के पहले ऐसे नेता बन गए हैं जो लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष बने हैं। इससे पहले बलराम जाखड़ भी लगातार दो बार स्पीकर चुने गए थे, लेकिन वे कांग्रेस से थे। यह कीर्तिमान बनाने वाले बिरला पहले भाजपाई हैं। ओम बिरला देश के दूसरे ऐसे नेता बन गए हैं जो लोकसभा अध्यक्ष पद पर रहते हुए लगातार चुनाव जीते हैं। वर्ष 1999 के बाद कोई भी लोकसभा अध्यक्ष दोबारा चुनाव जीतकर लोकसभा सदन में नहीं पहुंचा था। ओम बिरला से पहले पीए संगमा पहले ऐसे स्पीकर थे, जिन्होंने लगातार चुनाव जीता था। बिरला पहली बार 2014 में लोकसभा सांसद बने थे। दूसरी बार 2019 के लोकसभा चुनाव में निर्वाचित हुए तो उन्हें स्पीकर बनने का मौका मिला। स्पीकर रहते हुए 2024 के आम चुनाव में भी ओम बिरला कोटा लोकसभा सीट से निर्वाचित होकर लगातार तीसरी बार संसद पहुंचे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने बिरला को दी बधाई, भाजपा सांसदों से की मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को दिल्ली दौरे पर रहे। इस दौरान सीएम ने लोकसभा के नवनिर्वाचित स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर बधाई दी। इससे पूर्व सीएम ने दिल्ली में प्रदेश के बीजेपी के सांसदों से मुलाकात भी की। इस दौरान कई मुद्दों पर बातचीत हुई। दोपहर बाद सीएम संसद सत्र को लेकर रखी गई बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के आवास पर बीजेपी सांसदों की बैठक रखी गई। बैठक में संसद सत्र के दौरान होने वाली रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इस बैठक में मौजूद रहे। इसके बाद सीएम भजन लाल शर्मा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात की।



### आज झुंझुनूं दौरे पर सीएम भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को झुंझुनूं दौरे पर रहेंगे। सीएम यहां केशव आदर्श विद्या मंदिर मैदान में राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। इसके बाद संवाद सत्र का भी आयोजन प्रस्तावित है। उनके साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत भी रहेंगे।

### विधानसभा सत्र से पहले 2 जुलाई को होगी कैबिनेट बैठक

**जयपुर।** प्रदेश में 3 जुलाई से विधानसभा सत्र शुरू होगा। भजनलाल सरकार इस सत्र में अपना पूर्ण बजट पेश करेगी। इसके साथ ही इसी सत्र में कई महत्वपूर्ण बिलों को भी सरकार सदन के पटल पर रखेगी। विधानसभा सत्र में रखे जाने वाले विधेयक और सत्र की तैयारी को लेकर 2 जुलाई को कैबिनेट बैठक बुलाई गई है। सीएम भजनलाल की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में बजट सत्र की तैयारियों को लेकर तो रणनीति बनेगी। साथ ही सत्र के दौरान पेश होने वाले विधेयकों को भी अनुमोदन किया जाएगा।

### हाई कोर्ट ने निर्माण तोड़ने पर लगाई पाबंदी



*जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट ने न्यू सांगानेर रोड की चौड़ाई 200 फीट करने के दौरान याचिकाकर्ताओं के निर्माण तोड़ने पर पाबंदी लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में जेडीए के सचिव, प्रवर्तन अधिकारी, पीआरएन साउथ-प्रथम व डिप्टी कमिश्नर को जवाब देने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 5 जुलाई को तय की है।* पेज तीन भी देखें

**पुलिस-परिजन आमने-सामने**

# पुलिस हिरासत में बिजनेसमैन की बिगड़ी तबीयत... आईसीयू में भर्ती

- पुलिस हिरासत में लिया गया युवक 6 घंटे बाद वेंटिलेटर पर मिला
- परिजनों का आरोप- मारपीट की वजह से हालत हुई गंभीर
- पुलिस का दावा... हार्ट अटैक होने की वजह से डाले गए छल्ले

**बेधड़क** | जयपुर

शिवदासपुरा थाना इलाके में पुलिस हिरासत में एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस पर उसे जयपुर के एमजीएच हॉस्पिटल लाया गया। यहां अभी वह वेंटिलेटर पर है।

इधर, परिजनों का कहना है कि उनके बेटे कैलाश शर्मा (26) के साथ मारपीट की गई, जिसकी वजह से तबीयत बिगड़ी, वहीं पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि उसे सुबह हार्ट अटैक आया था। मामला शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे का है। हालांकि अभी तक इस मामले में परिजनों की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। कैलाश शर्मा के एक्सपोर्ट का बिजनेस है।

युवक के भाई प्रहलाद शर्मा ने बताया कि उसका भाई कैलाश शर्मा (26) पुत्र रामस्वरूप शर्मा निवासी चंदलाई को मंगलवार रात शिवदासपुरा टोल पर थाना पुलिस ने डिटेन किया। इस दौरान उसके साथ दो दोस्त अमन और विजेंद्र भी थे। बुधवार सुबह साढ़े 6 बजे कैलाश के मोबाइल पर शिवदासपुरा थाने से फोन आया कि उसके भाई के चोट लग गई है, उसे एमजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस पर परिवार अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टरों ने बताया कि उसके जबड़े में चोट है साथ ही उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इस वजह से उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उस के साथ मारपीट की गई है। इसके बाद उसकी तबीयत खराब हुई और एमजीएच हॉस्पिटल में एडमिट करवाना पड़ा।



**परिजनों में आक्रोश:** पुलिस कस्टडी में युवक की तबीयत बिगड़ने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले से गुस्साए परिजन और ग्रामीण अस्पताल के बाहर पहुंचकर विरोध जताया। इस मामले में थानाधिकारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

### आरोप बेबुनियाद

“ डिटेन युवक कैलाश बुधवार की सुबह शौचालय में जाते वक्त चक्कर आकर गिर गया। इससे उसके चोट लगी उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक होने की वजह से छल्ले डाले गए हैं। परिजनों की ओर से मारपीट के आरोप बेबुनियाद है। **-सुरेंद्र सिंह, एसीपी**

### दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

“ चाकसू क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा भी महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे और आईसीयू में भर्ती पीड़ित कैलाश शर्मा की कुशलक्षेम जानी, वहीं चिकित्सा अधिकारियों बेहतर उपचार के लिए आग्रह किया। विधायक ने कहा कि इस संबध में जांच एवं दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि मानसरोवर एसीपी संजय शर्मा मामले की जांच करेंगे। जहां से युवक को हिरासत में लिया गया, उस टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खगाले जाएंगे। **-रामावतार बैरवा, विधायक चाकसू**

**जरूरी खबर**

### वासुदेव देवनानी ने मां के नाम पर लगाया पौधा



**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार सुबह अपने राजकीय निवास पर अपनी मां स्वर्गीय सखी देवी के नाम पर अपनी तीन पीढियों के साथ बीलपत्र का पौधा लगाया। देवनानी ने पौधा रोंपने के बाद उसे सींचा और कहा कि इस पुनित कार्य से आत्मिक संतोष प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति निःस्वार्थ प्रेम के प्रतीक है। हर व्यक्ति को अपनी मां की याद में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

### कलेक्टर कर सकेंगे सार्वजनिक अवकाश घोषित

**जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी घोषणा के अनुसार राज्य के 11 जिलों अजमेर, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनू, गंगापुर सिटी, श्रीगंगानगर, अनूपगढ़ और उदयपुर में नगरीय निकायों के 17 सदस्यों के रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए मतदान 30 जून, रविवार को होगा। वहीं दूदू को छोड़कर प्रदेश के सभी 49 जिलों में पंचायती राज्य संस्थाओं में जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, सरपंच और पंच के रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए भी 30 जून को मतदान होगा। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए संबंधित जिला कलेक्टर को अधिकृत किया है।

### राज्य में दाल व गेहूं की स्टॉक सीमा तय



**जयपुर।** राज्य में गेहूं व दाल की स्टॉक सीमा तय की गई है। खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि दलहन के अंतर्गत तूर, चना और काबुली चना की स्टॉक सीमा 30 सितंबर तक प्रभावी रहेगी। आयातक सीमा शुल्क की मंजूरी से 45 दिनों से अधिक स्टॉक धारित नहीं करेगा। सभी विक्रेता 12 जुलाई 2024 तक निर्धारित स्टॉक सीमा में रखना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। थोक विक्रेता के लिए 3 हजार टन, रिटेलर प्रत्येक आउटलेट के लिए 10 टन, बिग चैन रिटेलर प्रत्येक आउटलेट के लिए 10 टन और उनके सभी डिपो पर 3 हजार टन, प्रोसेसर्स मासिक स्थापित क्षमता की 70 प्रतिशत मात्रा को 2024-25 के शेष महीनों से गुणा के बराबर।

## उत्तर पश्चिम रेलवे पर अब तक 5145 किलोमीटर ट्रैक का किया विद्युतीकरण

# इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर किया जा रहा है 160 ट्रेनों का संचालन

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे पर पर्यावरण अनूकुल रेल संचालन के लिए ब्रॉडगेज लाइनों का विद्युतीकरण का कार्य तीव्र गति के साथ किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2023-24 में 1127 किलोमीटर ब्राडगेज लाइनों का विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर अब तक कुल 5145 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, यह उत्तर पश्चिम रेलवे के ब्रॉडगेज नेटवर्क का लगभग 93 प्रतिशत है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के



अनुसार महाप्रबन्धक श्री अमिताभ के कुशल दिशा-निर्देशन में उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेल विद्युतीकरण के कार्य तीव्र गति से किए जा रहे है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर अब तक 5145 रूट किलोमीटर रेल लाइन पर विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा उत्तर पश्चिम रेलवे पर 160 जोड़ी रेलसेवाएं विद्युत ट्रेक्षन पर संचालित की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2023-24 में कुल 1127 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया गया है। इस वर्ष अब तक सरूपसर-अनूपगढ़ (51 किलोमीटर) रेलमार्ग का विद्युतीकरण के कार्य पूरा किया गया है।

### इन रूटों का कार्य प्रगति पर

वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे पर बिच्छीवाडा-जगबोर (13 किलोमीटर), जैसलमेर-आशापुर गोमट (106 किलोमीटर), फुलेरा-मकराना (65 किलोमीटर), दौसा-गंगापुर सिटी (93 किलोमीटर) व थयात हमीरा-सोनू (56 किलोमीटर) रेलमार्गों का कार्य प्रगति पर है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर सभी रेलमार्गों के विद्युतीकरण होने से ट्रेनों की रफ़्तार बढ़ेगी जिससे यात्रा समय में बचत होगी साथ ही डीजल की जगह बिजली के प्रयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा व राजस्व में भी बचत होगी।

### 11 दिन में पकड़े 4 हजार 616 बिना टिकट यात्री

**जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल पर अनाधिकृत व्यक्तियों के आरक्षित कोचों में प्रवेश व बिना टिकट यात्रा रोकथाम के लिए मंडल पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कृष्ण कुमार मीना-वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर ने बताया कि जयपुर मंडल पर डीआरएम विकास पुरवार के नेतृत्व में सभी रेल मार्गों की ट्रेनों एवं स्टेशन पर सघन विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिससे आरक्षित कोचों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश व बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर रोकथाम लगाई जा सके। साथ ही आरक्षित कोचों में यात्रा करने वालें यात्रियों को यात्रा के दौरान असुविधा न हो। इस अभियान को और प्रभावी बनाया जाएगा जिससे बिना टिकट यात्रा की प्रवृत्ति को हतोत्साहित किया जा सके। कृष्ण कुमार मीना ने बताया कि 13 से 25 जून के दौरान टिकट जांच दलों ने सराहनीय कार्य किया। इसके तहत जयपुर-फुलेरा, फुलेरा-अजमेर, जयपुर-रेवाड़ी, जयपुर-सवाई माधोपुर, जयपुर-रिंगस, फुलेरा -रेवाड़ी, रिंगस-सीकर-चूरू-झुंझुनू रेल मार्गों की ट्रेनों की औचक जांच कर अनियमित यात्रा के मामले पकड़े। इस दौरान पकड़े गए बिना टिकट आरक्षित कोचों में यात्रा करने वाले 4 हजार 616 यात्रियों से 21 लाख 66 हजार 835 रुपए का जुर्मानें के रूप में राजस्व वसूल किया गया। रेलवे आमजन से अपील करती है कि यात्री यात्रा के दौरान उचित यात्रा टिकट लेकर यात्रा करें।

## नवाचार: जयपुर में पहली बार बनी ऐसी सड़क, मजबूती भी ज्यादा

# सैन्य स्टेशन में प्लास्टिक वेस्ट से बनी सड़क का उद्घाटन

**बेधड़क** | जयपुर

प्लास्टिक से प्रदूषण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार एवं सामाजिक संगठनों की ओर से प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए भी समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। वहीं अब प्लास्टिक वेस्ट का अनूठा उपयोग सामने आया है। जयपुर में पहली बार प्लास्टिक वेस्ट से सड़क का निर्माण किया गया है। यह अनूठी सड़क आम सड़क से मजबूत भी बताई जा रही है।

जयपुर मिलिट्री स्टेशन में प्लास्टिक वेस्ट से सड़क तैयार की गई है। यह सड़क सगत सिंह रोड अंडर ब्रिज से कब्स कॉर्नर कॉम्प्लेक्स तक 100 मीटर लंबी है। प्लास्टिक वेस्ट रोड का उद्घाटन मेजर जनरल आरएस गोदारा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 61 सब एरिया ने बुधवार को किया। प्लास्टिक वेस्ट रोड बनाने वाला देश का दूसरा मिलिट्री स्टेशन जयपुर है, जबकि इसे अपने रख-रखाव कार्यक्रम का हिस्सा बनाने वाला पहला सैन्य स्टेशन है।



### आम सड़कों की तुलना में टूट-फूट भी कम

प्लास्टिक वेस्ट से बनी रोड के परियोजना अधिकारी मेजर तुषार नांबियार, गैरीसन इंजीनियर (दक्षिण), जयपुर मिलिट्री स्टेशन ने इस प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित सड़क से होने वाले लाभों में पारंपरिक सड़कों की तुलना में स्थायित्व में वृद्धि, कम टूट-फूट, कम जल उपयोग और अधिक स्थिरता शामिल है।

### इससे पूर्व नारंगी स्टेशन में बनी थी सड़क

इससे पहले 2019 में उत्तर पूर्व में नारंगी मिलिट्री स्टेशन में एक प्लास्टिक वेस्ट रोड बनाई गई थी। जीओसी 61 सब एरिया, मेजर जनरल गोदारा ने उद्घाटन के दौरान साइट पर एक पोधारोपण भी किया। उन्होंने इसे विकास और प्रगति का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान होता है वहीं इसके निस्तारण को लेकर भी समस्या बनी रहती है। प्लास्टिक वेस्ट का सड़क निर्माण में उपयोग अनूठा प्रयोग है। इससे प्लास्टिक के पर्यावरण पर होने वाले नुकसान को भी रोका जा सकता है। इस मौके पर चीफ इंजीनियर जयपुर जोन, कमांडर वर्क्स इंजीनियर, एडम कमांडेंट, कर्नल 'क्यू' 61 सब एरिया के साथ-साथ गैरीसन इंजीनियर (दक्षिण) के कर्मचारी मौजूद थे। सड़क का निर्माण गैरीसन इंजीनियर (दक्षिण), चीफ इंजीनियर जयपुर जोन की ओर से भारतीय सेना की हरित सैन्य स्टेशन बनाने की नीति के तहत किया गया है।



## आपातकाल की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में भेंट किया ताम्रपत्र

# सीएम शर्मा ने लोकतंत्र सेनानी के परिवार को किया सम्मानित




**बेधड़क** | चाकसू

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने निवास पर चाकसू विधानसभा क्षेत्र के राडोली निवासी दिवंगत लोकतंत्र सेनानी प्रकाश चंद शर्मा की पत्नी बीना देवी का शॉल ओढ़ाकर एवं पुत्र अंकुर शर्मा को ताम्रपत्र भेंटकर आपातकाल की 50वीं बरसी पर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने आपातकाल के दौर का स्मरण करते हुए आपातकाल के दौरान दी गई यातनाओं का स्मरण किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम ऐसा कानून जल्दी लाने वाले हैं जिससे लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कम नहीं होगा। लोकतंत्र सेनानी शर्मा के परिजनों को मिले सम्मान पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और पार्टी नेताओं सहित आमजन द्वारा शुभकामनाएं दी गई है। 25 जून को ही जयपुर देहात दक्षिण द्वारा फुलेरा विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सासंद नारायण लाल पंचारिया द्वारा भी परिजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान प्रदेश व जिले के पदाधिकारी और क्षेत्रीय विधानसभा से महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन कुमावत, जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर, कोटखावदा मण्डल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, शिवदासपुरा अध्यक्ष आदि मौजूद रहे। वहीं क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा के साथ पूर्व मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी ने कार्यकर्ताओ के साथ लोकतंत्र सेनानी के घर पहुंचकर सम्मान किया था।

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने प्रदेश के सांसदों का किया सत्कार

# जनसेवा के लिए हम हर परिस्थिति में एकजुट: गजेंद्र सिंह शेखावत

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के दिल्ली स्थित आवास पर बुधवार को राजस्थान के भाजपा सांसद पहुंचे। इस दौरान शेखावत ने कहा कि हम जनसेवा के लिए हर स्थिति-परिस्थिति में एकजुट रहते हैं। शेखावत ने कहा कि देशभक्तों की भूमि राजस्थान से लोकसभा सदस्यों का मेरे दिल्ली आवास पर आना हुआ। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का विशेष सानिध्य रहा। शेखावत ने कहा कि अपनों का स्वागत-सत्कार कर मुझे बहुत खुशी हुई। हम साथी-सहयोगी न मतभेद रखते



और न मनभेद, हम जनसेवा के लिए हर स्थिति-परिस्थिति में एकजुट रहते हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कोटा के सांसद ओम बिरला को निरंतर दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दीं। शेखावत ने कहा कि बिरलाजी ने पिछले कार्यकाल में सदन की मर्यादा बनाए रखने में अपनी मुख्य भूमिका का तटस्थता से निर्वहन किया। उनके सरल व्यवहार से संसद सत्रों को अपेक्षित गति मिलती है।

## पीसीसी चीफ की टिप्पणी पर भाजपा का पलटवार

# डोटासरा अवसाद में दे रहे अनर्गल बयान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा की ओर से कोटा में दिए गए बयान को लेकर सियासत गरमाई हुई दिख रही है। कोटा के आई रवि दत्त गौड़ को खुली चेतावनी देने को लेकर अब भाजपा इसको लेकर आक्रामक है।

भाजपा नेता मुकेश पारीक ने कहा कि पीसीसी चीफ डोटासरा नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाए जाने पर अवसाद में, हतोत्साहित होकर अनर्गल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं की मनोदशा को उनके अमर्यादित बयान दर्शाने के लिए काफी हैं। पारीक ने कहा कि एक प्रदर्शन में कांग्रेसी नेताओं द्वारा जिस प्रकार से प्रदेश सरकार और भाजपा नेताओं के खिलाफ स्तरहीन भाषा का उपयोग किया





है, वह उनकी मनोदशा को दर्शाता है। पारीक ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा की बयानबाजी से प्रतीत होता है कि वे नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाए जाने से अवसाद में हैं। इससे वे हतोत्साह में अनर्गल बयान देकर अपने अवसाद को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। डोटासरा के इस आचरण को प्रदेश की जनता और भाजपा स्वीकार नहीं करेगी। अगर वे इस तरह के आचरण को दोहराएंगे, उनके खिलाफ सरकार की ओर से कानूनी सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि डोटासरा ने कोटा में कहा था कि कोटा के आईजी रवि दत्त गौड़ ने चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया था।

उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन ने पूरी तरह से चुनाव में बीजेपी का साथ दिया। डोटासरा ने इसके बाद कहा कि मिस्टर रवि दत्त गौड़ साहब आप अपनी आदत से बाज आ जाइए, वरना आपकी नौकरी में झोल पड़ जाएगा। इसके बाद सीएम भजनलाल और ओम बिरला भी नहीं बचा पाएंगे।

अगर कांग्रेस कार्यकर्ता आपके पीछे पड़ गए, तो नौकरी करना मुश्किल हो जाएगा। डोटासरा ने आगे कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता तुम्हारे पीछे पड़ जाएंगे, सारे कारनामे सामने ला देंगे।


## वैकल्पिक सड़क का होगा निर्माण

# गांवों को हाईवे से जोड़ने पर खर्च होंगे 96 करोड़ रुपए

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार के सयुंक्त उपक्रम बाड़मेर लिग्नाइट माइनिंग कंपनी द्वारा बाड़मेर-जैसलमेर हाईवे से प्रभावित गांवों के निवासियों को हाईवे से जोड़ने के लिए 96 करोड़ रुपए की लागत से वैकल्पिक सड़क मार्ग का निर्माण करवाया जाएगा।

यह निर्णय बुधवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग संदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। संदीप वर्मा ने बताया कि बाड़मेर-जैसलमेर नेशनल हाईवे के कारण जलिपा



कपूरडी क्षेत्र के गांववासी प्रोपर कनेक्टिविटि नहीं मिलने के कारण प्रभावित हो रहे थे।

उन्होंने बताया कि वैकल्पिक सड़क और कनेक्टिव सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को हाईवे व बेहतर सड़क सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। वर्मा ने कहा कि बाड़मेर-जैसलमेर हाईवे से प्रभावित गांवों के वाशिंदों की सुविधा के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को हाईवे से जोड़ने की योजना को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा।

### पिछली बैठक में दिए निर्देश

खान सचिव व बीएलएमसी की चेयरपर्सन आनन्दी ने बताया कि बाड़मेर लिग्नाइट कारपोरेशन की मार्च माह में आयोजित संचालक मण्डल की 68 वीं बैठक में उनके द्वारा क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे के कारण प्रभावित गांववासियों को संपर्क सड़क से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। कार्ययोजना के अनुसार बाड़मेर जैसलमेर हाईवे से प्रभावित रोहिली, लाखेटाली, चकढ़ोलक आदि गांवों को जलिपा तक नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए नई रोड़ पर 27 करोड़ और कनेक्टिव रोड़ पर 69 करोड़ रु. कुल 96 करोड़ रु. का व्यय आंका गया है।

### PWD बनाएगा सड़क

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि सड़क का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाएगा और उस पर होने वाली 96 करोड़ की राशि बीएलएमसीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र के करीब 5 हजार गांववासियों सहित हजारों लोगों को बेहतर रोड़ कनेक्टिविटि मिल सकेगी। श्रीमती आनन्दी ने बताया कि बीएलएमसीएल द्वारा कपूरडी-जलिपा माइंस से लिग्नाइट का खनन कर पावर प्लांट में विद्युत उत्पादन के लिए उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही सामाजिक सरोकार के तहत भी क्षेत्रीय विकास के कार्य किये जा रहे हैं। बैठक में पीड़ब्लूडी सचिव, पीड़ब्लूडी के मुख्य अभियंता रोड़स श्री विकास दीक्षित, आरएसएमएमएल सीजीएम श्री अरुण सिंह, प्रतिनिधि श्री असीम अग्रवाल, कंपनी सचिव श्री सौरभ शर्मा आदि ने हिस्सा लिया।

## राज्यमंत्री बाघमार ने साधा निशाना

# पूर्व सरकार ने सड़कों के साथ कई जगह छोड़े गड्ढे

**जयपुर।** पिछली कांग्रेस सरकार सिर्फ सड़कों में ही नहीं बल्कि कई जगहों पर गड्ढे छोड़कर गई है, लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। जल्द ही बजट आवंटन के बाद प्रदेश में सड़कों के क्षेत्र में अप्रत्याशित सुधार देखने को मिलेगा। यह कहना है प्रदेश सरकार में सार्वजनिक निर्माण विभाग की राज्य मंत्री डॉक्टर मंजू बाघमार का। बाघमार ने कुचामन में मीडिया से बात करते हुए कहा कि चुनाव से पहले पार्टी ने प्रदेश की जनता से विकास को लेकर वादे दिए थे। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म हो जाने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार जनता के रुके हुए कार्यों को पूरा करने में जुट गई है। अब रूके हुए कामों को गति देकर पूरा किया जाएगा। डबल इंजन की यह सरकार अब प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था। ऐसे में जनता ने उसे सबक सिखा दिया।

### जरूरी खबर

## आमेर में महंगा होगा हाथी पर सवारी करना



**जयपुर।** आमेर महल में हाथी की सवारी के रेट जल्द बढ़ सकते हैं। इसे लेकर पुरातत्व और पर्यटन विभाग तैयारी कर रहे हैं। दरअसल, हाथी मालिकों का कहना है कि 12 साल से रेट नहीं बढ़े हैं। हाथी की सवारी के रेट को लेकर बुधवार को पुरातत्व निदेशालय में हाथी मालिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें हाथी गांव विकास समिति के प्रतिनिधि भी शामिल थे। हाथी मालिकों का कहना था कि हाथियों पर खर्च प्रतिदिन बढ़ रहा है। बैठक में हाथी मालिकों ने सवारी के रेट 1100 रुपए से बढ़ाने और मालिकों को 2500 रुपए देने की मांग रखी है। 9 महीने पहले आमेर महल और हाथी गांव में हाथी की सवारी के रेट बढ़ा दिए गए थे। इस दौरान तय हुआ था कि दो लोगों को सवारी के 3500 रुपए देने होंगे।

## दस्ते को देख रिक्शे में छोड़ भागा 200 किलो प्लास्टिक

**जयपुर।** जवाहर नगर इलाके में निगम के दस्ते ने बुधवार को रिक्शे में ले जाई जा रही प्लास्टिक थैलियों के कट्टों को जब्त किया। हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा उपायुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि रिक्शे में करीब 200 किलो प्लास्टिक थैली जब्त की गई। चालान होने से डर से प्लास्टिक थैलियों का मालिक मौक से भाग गया। उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बाजार में लगातार चल रही कार्रवाई से प्लास्टिक थैली बेचने वालों में भय हो रहा है। नगर निगम हेरिटेज की स्वास्थ्य शाखा ने पिछले दो महीने में इस अभियान के दौरान 35 लाख रुपए से अधिक कैरिंग चार्ज की वसूली की है, वहीं 6 हजार किलो प्लास्टिक जब्त की है। जब्त की गई प्लास्टिक को मथुरादासपुरा यार्ड में क्रश करा दिया गया है।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 9 लाख चयनित परिवारों को मिलेगा फायदा

# अब राशन की होगी होम डिलिवरी, घर-घर जाएगा डीलर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सरकार अगले महीने से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के कुछ चयनित परिवारों को घर बैठे राशन उपलब्ध करवाएगी। सरकार ने अपने पहले बजट में इसको लेकर घोषणा की थी, जिसकी पालना में ये शुरुआत की जा रही है।

इस योजना के तहत उन परिवारों को घर बैठे राशन (गेहूं) उपलब्ध करवाया जाएगा, जिनके परिवार में 18 वर्ष से कम और 60 साल से अधिक आयु के सीनियर सिटीजन या विशेष योग्यजन हैं। खाद्य विभाग के उपायुक्त आशीष वर्मा ने बताया



कि हमने सभी संबंधित जिला रसद अधिकारियों को जुलाई से वितरित होने वाले राशन को चिह्नित परिवारों को वितरित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में तीनों श्रेणियां में 9 लाख से ज्यादा परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

गेहूं की डिलिवरी बैग में की जाएगी और इसके लिए राशन डीलर्स को अलग से मानदेय भी मिलेगा।



### इन कैटेगरी के परिवारों को मिलेगा राशन

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आने वाले पात्र सीनियर सिटीजन, दिव्यांग और 18 साल से कम उम्र के लाभार्थियों को गेहूं के लिए हर माह राशन दुकानों के बाहर कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। गेहूं की होम डिलीवरी पर राशन डीलर को प्रति लाभार्थी कमीशन मिलेगा। इस योजना से 9 लाख 14 हजार 452 ऐसे पात्र परिवारों के 14 लाख 46 हजार 283 मेंबर लाभांवित होंगे। सबसे ज्यादा जयपुर जिले में 72 हजार 253 पात्र परिवार हैं।

### ये मिलेगा मानदेय

खाद्य विभाग के उपायुक्त ने बताया कि एक उचित मूल्य की दुकान पर तय की गई श्रेणी के राशन कार्ड की संख्या एक से दो है तो उन्हें 80 रुपए प्रति राशन कार्ड मानदेय मिलेगा। इसी तरह तीन से पांच राशन कार्ड होने पर दो सौ रुपए मानदेय और 6 से 10 राशन कार्ड होने पर 300 रुपए मानदेय मिलेगा। इसी तरह यदि किसी राशन दुकान पर 10 से ज्यादा राशन कार्ड की संख्या है तो ऐसे डीलर्स को 300 रुपए के साथ 20 रूपए अतिरिक्त मानदेय मिलेगा।

### जेडीए मानसरोवर में 600 से ज्यादा प्रॉपर्टीज पर करेगा कार्रवाई

# 150 अवैध निर्माण तोड़े: साथ-साथ चला लोगों का विरोध और बुलडोजर



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को मानसरोवर क्षेत्र में 150 अवैध निर्माण तोड़े। तीन जुलाई तक चलने वाली इस कार्रवाई में 600 से ज्यादा दुकान, रेस्टोरेंट व मैरिज होम से अतिक्रमण हटाया जाएगा। कार्रवाई के पहले दिन जेडीए की टीम को हल्के विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन अधिकारियों की समझाइश के साथ कार्रवाई चलती रही।

सुबह 9:30 बजे से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से शुरू हुआ एक्शन रजत पथ तक चला। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेडीए करीब 6 किलोमीटर के एरिया से अवैध निर्माण तोड़ेगा। इस पूरे एरिया में अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर लंबे समय से व्यापारी प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद भी प्रशासन ने यहां कार्रवाई शुरू की है। जेडीए ने न्यू सांगानेर रोड पर इंद्रपुरी में दो मंजिला इमारत को ढहाया।

यहां पर दुकान मालिक ने अवैध रूप से इसका निर्माण कर रखा था। न्यू सांगानेर रोड पर 5 मैरिज गार्डन में से 3 के अवैध निर्माण का तोड़ा गया है। इनके आगे बने अतिक्रमण को तोड़ा गया है। जिन मैरिज होम में कार्रवाई हुई है इनमें स्वर्ण गार्डन, गंगा मैरिज गार्डन, जीण कृपा मैरिज गार्डन शामिल हैं।



### जनता का मिल रहा सहयोग

जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक महेंद्र शर्मा ने कहा कि न्यू सांगानेर रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को आम जनता का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने खुद के स्तर पर ही अवैध निर्माण हटाना शुरू कर दिया है। ऐसे में पहले दिन बुधवार को जयपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने कुल 120 अवैध निर्माण तोड़ने का लक्ष्य रखा था, जिसके मुकाबले यहां करीब 150 निर्माण तोड़े गए।

### 5 दिन पहले जारी किए थे नोटिस

जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में न्यू सांगानेर रोड से अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं। इससे पहले अतिक्रमियों को नोटिस जारी कर स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटाने के लिए 5 दिन का वक्त दिया है। जिन्होंने इस अवधि में निर्माण नहीं हटाए हैं, जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बुलडोजर की मदद से ऐसे निर्माण को हटाया जाएगा।

### 200 फुट चौड़ी की जाएगी सड़क

जेडीए अधिकारियों के अनुसार हाउसिंग बोर्ड की बाउंड्री से सड़क को 200 फुट चौड़ी की जाएगी। वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई 150 से 160 फुट ही है। ऐसे में जेडीए की टीम सेक्टर रोड पर पिछले कुछ सालों में हुए 40 से 50 फुट तक अतिक्रमण को हटाएगी, जिसमें कुल 690 निर्माण आ रहे हैं। इनमें भी 15 से अधिक रेस्टोरेंट, 5 मैरिज गार्डन, 5 फार्म हाउस समेत 500 से ज्यादा दुकानें शामिल हैं।

### ट्रैफिक सिग्नल पोल गिरने से एक घायल

न्यू सांगानेर रोड पर मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नजदीक एक मकान से अतिक्रममण हटाने के दौरान गलती से ट्रैफिक सिग्नल का खंभा गिर गया। इससे एक युवक घायल हो गया। घायल व्यक्ति का नाम पवन सैनी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ट्रैफिक सिग्नल के पोल से घायल युवक की भी दुकान का भी अवैध निर्माण तोड़ा गया है। युवक के कंधे पर चोट आई है। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया।

### सीएम से भी मिले थे व्यापारी

गौरतलब है कि मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ के साथ व्यापारी मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी मिले थे। व्यापारियों ने बाजार भी बंद रखा, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है।

## परकोटे में भवन निर्माण स्वीकृति होगी सरल



**जयपुर।** यूनेस्को द्वारा विश्व हेरिटेज सिटी का दर्जा प्राप्त वॉल सिटी में अब भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रकिया सरल और ऑनलाइन बनाई जाएगी। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत की अध्यक्षता में टेक्निकल हेरिटेज कमेटी की बैठक यह निर्णय लिया गया। दरअसल बिल्डिंग बॉयलाज 2020 एवं रेगूलेशन 2022 की पालना कराने और हेरिटेज सिटी के संबंध में सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर नियोजन विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, नगर निगम जयपुर हैरिटेज, टूरिज्म विभाग, आर्कियोलॉजी, स्मार्ट सिटी आदि विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में चारदीवारी में भवन मानचित्र स्वीकृति की प्रकिया सरल बनाने और ऑनलाइन किए जाने के निर्णय पर सहमति बनी।

## पुलिस ने क्रिकेटर ट्रेविस हेड को बताया अपराधी!

**जयपुर।** टी-20 वर्ल्ड कप में 24 जून को हुए मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। भारतीय टीम की जीत के बाद जयपुर पुलिस ने एक पोस्ट की, जिस पर विवाद बढ़ गया है। जयपुर पुलिस ने अपनी पोस्ट में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ट्रेविस हेड को एक अपराधी की तरह बताया, जबकि टीम के इंडिया के खिलाड़ियों की पुलिस वर्दी में फोटो शेयर करते हुए लिखा- 19 नवंबर से तलाश रहे थे। अब जाके पकड़ में आया। अपनी पोस्ट को लेकर जयपुर पुलिस ट्रोल होने लगी तो दो घंटे में ही इसे हटा दिया गया। मामले में एडिशनल कमिश्नर कैलाश विश्नोई से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि इस मामले को दिखवा रहे हैं।

### एसीपी ने शिकायत पर मारा था जवाहर नगर इलाके में छापा

# हुक्का बार पर कार्रवाई नहीं की... SHO और ASI सस्पेंड

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में अवैध रूप से चल रहे हुक्का-बार पर पुलिस कमिश्नर ने सख्ती करने की तैयारी कर ली है। जवाहर नगर इलाके में चल रहे अवैध रूप से हुक्का-बार पर कार्रवाई के बाद पुलिस की लापरवाही सामने आने के बाद पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने जवाहर नगर एसएचओ दौलत गुर्जर और एएसआई मूलचंद को सस्पेंड कर दिया।

दरअसल जोसफ को जवाहर नगर इलाके में हुक्का बार चलने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद उन्होंने एसएचओ दौलत गुर्जर को कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई



नहीं की। तब कमिश्नर ने एसीपी लक्ष्मी सुथार को हुक्का बार पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

लक्ष्मी सुथार टीम के साथ देर रात को जवाहर इलाके में चल रहे हुक्का बार में पहुंची। जहां पर अवैध रूप से युवक-युवतियों को हुक्का परोसा जा रहा था। इस कार्रवाई के बाद पुलिसकर्मियों की मिलीभगत सामने आने के बाद एसएचओ व एएसआई के खिलाफ कार्रवाई की है।

### कमिश्नर की सख्ती के बाद पुलिस चेती



पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ की सख्ती के बाद पुलिस अलर्ट हो गई। पुलिस ने मंगलवार देर रात को सिसोदिया गार्डन के पास सुनार बाग में चल रहे हुक्का बार में दी। जहां पर 20 से ज्यादा युवक-युवतियों को हुक्का परोसा जा रहा था। पुलिस ने युवक-युवतियों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करके छोड़ दिया। जबकि संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### आदेशों की पालना नहीं कर रहे

शहर में रात 12 बजे बाद किसी भी प्रकार के पब, रेस्टोरेंट, बार, डिस्को संचालित नहीं होने के आदेश सभी थाना पुलिस को दिए हुए थे। इसके बावजूद जवाहर नगर में यह सब संचालित किए जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने इसे लेकर कई बार पुलिस को शिकायत दी थी, जिस पर यह एक्शन लिया गया।

# नशा छुड़वाने के लिए रैली निकालकर मांगी भीख



**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बुधवार को विश्व नशा निरोधक दिवस के रूप में मनाया गया। गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ की ओर से मुरलीपुरा के दादी का फाटक पर गायत्री परिवार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मजदूरों के सामने झोली फैलाकर शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट छोड़ने की भीख मांगी। इस भावनात्मक अपील का हाथों-हाथ असर हुआ। एक दर्जन से अधिक लोगों ने बीड़ी, गुटखा और शराब का सेवन न करने का संकल्प लिया। नशा मुक्ति आंदोलन जयपुर के प्रभारी प्रहलाद शर्मा, गणपत वर्मा, राजेंद्र सैनी, मंगल सैनी सहित अन्य कर्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहयोग कया। इससे पूर्व मुरलीपुरा के रामेश्वर धाम स्थित गायत्री चेतना केंद्र से दादी का फाटक तक नशा मुक्ति रैली निकाली गई।

## जरूरी खबर

### शर्मनाक: कचरे में मानव भ्रूण को घसीटते दिखे श्वान



**अलवर।** शहर के ठाकरवाला कुआ के पास बुधवार सुबह ममता तब फिर शर्मसार होती नजर आई, जब कूड़े के ढेर से कुत्ते मानव भ्रूण को घसीटते दिखे। यह नजारा आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस भ्रूण को अस्पताल भिजवाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक भ्रूण 7-8 माह का लग रहा है। सूचना पर देखते ही देखते मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। क्षेत्रीय निवासी जितेंद्र राठौर ने बताया कि कचरे की ढेर में भ्रूण पड़ा हुआ मिला, जिसे कुत्ते घसीटते हुए दूर तक ले गए।

### पैदल जा रहे युवक-युवती को टैंकर ने रौंदा, मौके पर मौत

**सिरोही।** जिले में दर्दनाक सड़क हादसे में पैदल जा रहे युवक-युवती की मौत हो गई। मंडार थाना क्षेत्र में कांडला हाईवे पर बुधवार को टैंकर ने दोनों को कुचल दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मंडार पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मंडार अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। एसएचओ रविंद्रपाल सिंह ने बताया कि हादसे में केसा (24) निवासी तलवारनाका और सुमिता (19) निवासी वाजना की मौत हुई है। पुलिस ने नाकाबंदी कर टैंकर चालक को पकड़ लिया है। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए जगह-जगह नाकाबंदी करवाई। एसएचओ ने बताया कि युवक-युवती मंगलवार देर रात अकेले पीथापुरा से निकले थे।

### पुजारी से मारपीट, मंदिर पर कब्जे का लगाया आरोप



**अलवर।** अलवर शहर के अरावली विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरा सिद्ध में एक मंदिर के पुजारी के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। पुजारी ने जिला पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पुजारी दिनेश और उसके बेटे ने बताया कि बुधवार को मंदिर में रामायण पाठ चल रहा था। इस दौरान वहां कुछ लोग आए और हमें मंदिर से बाहर निकालने के लिए मारपीट करने लगे। ये लोग मंदिर पर कब्जा करना चाहते हैं। बाद में आरोपी 25 हजार रुपए और दो मोबाइल लुट कर फरार हो गए। पुजारी ने योगेश दास बाबा, योगेश गुर्जर, सुखराम और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दी है।

## अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के मौके पर कई जिलों में हुए जागरूकता कार्यक्रम

# रैलियां निकालकर नशे के दुष्प्रभाव से युवाओं को चेताया

**बेधड़क | कुचामनसिटी**

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के मौके पर देश-दुनिया में नशा के खिलाफ आवाज बुलंद हुई। जगह-जगह हुए जागरूकता कार्यक्रमों में युवाओं से समझाइश कर नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में डीडवाना कुचामन जिले में भी विश्व नशा मुक्ति दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर और जैसलमेर में बीएसएफ ने भी जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए। लायंस क्लब कुचामन फोर्ट ने विश्व नशा मुक्ति दिवस के दिन कच्ची बस्तियों में जाकर आमजन को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशा नहीं करने के बारे में समझाइश की। आमजन को नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई। शपथ में दोहराया गया कि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने में वो पूरा सहयोग देंगे। आपको बता दें कि नशीले पदार्थों के निवारण के लिए हर साल 26 जून को नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसम्बर, 1987 से इसे मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। राजकीय जिला अस्पताल में मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र जालोया ने नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग की और उन्हें नशे से छुटकारा पाने के लिए गाइड किया।



### एंटी-ड्रग वॉकथॉन में दिखा उल्लास

जोधपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बुधवार को एंटी-ड्रग वॉकथॉन का आयोजन किया। एनसीबी के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी को चैलेंज के रूप में लिया जा रहा है। सभी एजेंसियां मिलकर इस पर लगाम लगाने के लिए काम कर रही हैं। वॉकथॉन में केंद्रीय और राज्य एजेंसियों जैसे सीआरपीएफ, भारतीय वायु सेना, आईटीबीपी, बीएसएफ, सीबीआई और राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और जवानों सहित लगभग 2000 व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके अलावा, एनसीसी और स्काउट्स कैडेट्स भी शामिल हुए। इस मौके पर बीएसएफ की सभी वाहिनियों ने अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर वाहिनी मुख्यालयों और सभी सीमा चौकियों में नशीले पदार्थों के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

### पोकरण में बीएसएफ ने किया जागरूक

जैसलमेर के पोकरण में बीएसएफ की सभी वाहिनियों ने अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के मौके पर वाहिनी मुख्यालयों और सभी सीमा चौकियों में नशीले पदार्थों के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। बल की ओर से इस मौके पर नशा मुक्ति के खिलाफ पोस्टर और बैनर के साथ विभिन्न स्थानों पर जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को नशा की लत से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक हानियों और दूरगामी परिणामों के बारे में अवगत कराया गया।

## भाजपाइयों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया, की आतिशबाजी

# ओम बिरला दूसरी बार बने लोस अध्यक्ष, प्रदेश में जश्न का माहौल

**बेधड़क | कोटा**

राजस्थान के कोटा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला को बुधवार को फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने से उनके गृह नगर कोटा से लेकर जयपुर सहित कई जिलों में जश्न का माहौल देखने को मिला।

कोटा में भाजपा के कार्यकर्ता, विधायक संदीप शर्मा के कार्यालय और पार्टी कार्यालय में लोकसभा की कार्रवाई देखने के लिए एकत्र हुए और बिरला के आसन संभालते ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कार्यालयों के बाहर आतिशबाजी की। कार्यकर्ता डोल-नगाड़ों पर खुशी से झूमते नजर आए। ओम बिरला के परिजनों ने भी उन्हें बधाई दी। साथ ही दूसरी बार उन्हें लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामित किए जाने पर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। बिरला के बड़े भाई हरि कृष्ण बिरला ने कहा कि मैं ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी नेतृत्व का हार्दिक आभार और धन्यवाद देता हूं। यह पूरे हाड़ौती क्षेत्र और राजस्थान के लिए गौरव का पल है। मैं कामना करता हूं कि सदन (लोकसभा) की गरिमा कभी कम नहीं होगी।



### शाम को कोटा-बूंदी में हुए समारोह

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य ईकाई ने भी मंगलवार को बिरला को इस पद के लिए नामित किए जाने पर भी जश्न मनाया था। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी और कोटा जिला पार्टी अध्यक्ष राजेश जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शाम यहां 'जीएमए ऑडिटोरियम' के बाहर पटाखे जलाकर जश्न मनाया और मिठाइयां बांटी। पार्टी कार्यकर्ता संजय लाठी ने बताया कि शाम को कोटा और बूंदी में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि ओम बिरला ने अपनी साफ छवि के दम पर दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के पद पर स्थान पाया है। ये हम सभी के लिए गौरव की बात है।

### पूर्व विधायक बैरवा ने बिरला को दी बधाई



**चाकसू।** पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण बैरवा ने बुधवार को लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और उनको लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव बैरवा के साथ चाकसू विधानसभा क्षेत्र के अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिन्होंने चाकसू विधानसभा की जनसमस्याओं से भी अवगत करवाया।

## भाजपा मुख्यालय पर खुशी मनाने के लिए उमड़े कार्यकर्ता

### पटाखे जलाए एक-दूसरे को लड्डू खिलाए... छाई खुशी की लहर

**जयपुर।** कोटा से सांसद ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए। बिरला के दूसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद बुधवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को लड्डू खिला कर खुशी मनाई। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष का पद संभालकर इतिहास रचा है।

बिरला के अध्यक्ष बनने के बाद कोटा, जयपुर सहित कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल दिखा। प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, एसी मोर्चा के अध्यक्ष कैलाश मेघवाल की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिला कर खुशी मनाई। इसके बाद आतिशबाजी की गई।

जब बिरला ने अध्यक्षीय आसन ग्रहण किया तो मोदी, राहुल गांधी और रीजीजू ने उन्हें बधाई और शुभकामना दी। लोकसभा की इस कार्रवाई को जयपुर भाजपा मुख्यालय पर बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ताओं ने लाइव प्रसारण देखा और इस ऐतिहासिक मौके के गवाह बने। बिरला के आसन पर बैठते ही कार्यकर्ताओं ने बिरला और पीएम मोदी के समर्थन में नारे लगाते हुए खुशी का इजहार किया। देश मंत्री पिंकेश पोरवाल ने कहा कि आज न केवल राजस्थान बल्कि देश के लिए गौरव का समय है, जब दूसरी बार ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष बनाया गया। एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद राजस्थान के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी है।




## रोते-बिलखते रहे मासूम, नहीं आई दया

# दो बच्चों को चोरी के शक में पेड़ पर लटका कर बेरहमी से पीटा



**बेधड़क | अजमेर**

अजमेर के निकटवर्ती श्रीनगर गांव में दो बच्चों को किडनैप कर उनके साथ मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। बच्चे की मां का कहना है कि आरोपी दोनों मासूमों को चोरी का आरोप लगाकर उठा ले गए थे और इसके बाद गांव में एक पेड़ से बांधकर जमकर उन्हें पीटा। बच्चे रोते-गिड़गिड़ाते रहे लेकिन किसी भी ग्रामीण ने उनकी मदद नहीं की।

सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को छुड़ाया। मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार घटना अजमेर के बालोद का दड़ा गांव में 24 जून की है, जिसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। एडिशनल एसपी ग्रामीण अजमेर दीपक कुमार ने बताया कि 34 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दी थी कि 24 जून की सुबह 10 बजे अचानक उसके घर पर गांव के ही मुकेश (30), बबलू (23), ओमप्रकाश (32), सेठी (23), कानाराम (33) और हीरालाल (32) घुस आए और उसके 14 साल के बच्चे को उठाकर ले गए।

जब महिला ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो कहा कि इसने बकरा चोरी किया है और इसके लिए सजा देंगे। महिला ने बताया कि ये लोग उसके बेटे को कानाराम के घर ले गए। ऐसे ही एक अन्य व्यक्ति के बेटे को भी उठाकर लाए और दोनों बच्चों को रस्सियों से बांधकर पेड़ से लटका दिया और बेल्ट से बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। उधर बच्चों के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों बच्चों को छुड़ाया। दोनों बच्चों के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं।

# हथियारों के दम पर लूटे 19 लाख रुपए लूटे

**बेधड़क | भरतपुर**

जिले के बयाना-हिंडौन स्टेट हाईवे पर एक व्यक्ति से तीन नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने 19.31 लाख रुपए की नकदी लूट ली। बयाना के गणेश मोड सिकंदरा के पास 24 जून की रात को बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।

चालक और हेल्पर आईटीसी कंपनी के सामान का भुगतान लेकर करौली के हिंडौन लौट रहे थे। घटना को लेकर डिस्ट्रीब्यूटर ने बयाना थाने में मामला दर्ज कराया है। बयाना थाना एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित राजीव कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट दी है कि वो एक आईटीसी कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर है। उसके सामान की सप्लाई लेने के लिए गाड़ी हिंडौन से भरतपुर चलती है। 24 जून की रात 10 बजे ड्राइवर और हेल्पर भुगतान की 19.31 लाख रुपए की राशि को लेकर हिंडौन आ रहे थे। बयाना कस्बे के पास स्टेट हाईवे पर तीन बाइक सवार नकाबपोश ने हथियार का भय दिखाकर गाड़ी रुकवा ली। तीनों बदमाशों ने हथियार दिखाकर ड्राइवर और हेल्पर को गाड़ी से बाहर निकाल लिया। दो बदमाश हथियार तानकर बाहर खड़े रहे और तीसरे बदमाश ने गाड़ी में से रुपयों से भरा थैला निकाल लिया और बाइक पर सवार होकर बयाना की तरफ भाग गए।

## नमक में हो रहा बड़ा गड़बड़ झाला

# सरकारी बताकर बेचा जा रहा डीडवाना झील का नमक

**बेधड़क | डीडवाना**

यूं तो प्रदेश में कई झीलों में नमक उत्पादन हो रहा है, लेकिन इसमें जयपुर के पास सांभर झील का नमक मशहूर है। सांभर झील के नमक को सरकारी कंपनी सांभर साल्ट लिमिटेड के माध्यम से प्रदेशभर में भेजा जाता है। वहीं डीडवाना झील में बनने वाले नमक को पैकेट में भरकर देश के अलग-अलग राज्यों में भेजा जा रहा है।

बताया जा रहा है कि यह नमक खाने योग्य नहीं होता। डीडवाना झील में नमक की बड़ी हेराफेरी हो रही है। डीडवाना झील के नमक को सांभर झील का नमक बताकर दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। डीडवाना नमक झील में लंबे समय से गड़बड़ी का खेल चल रहा है। डीडवाना झील के नमक को लेकर कहा जाता है कि यह खाने के लिए नहीं होता , बल्कि इसे दूसरे कामों में लाया जाता है। इसके उलट यहां निजी व्यापारियों के द्वारा डीडवाना झील के नमक को सरकारी कंपनी सांभर साल्ट के पैकेट में भेजा जा रहा है। बताया जाता है कि डीडवाना झील के नमक की गड़बड़ी लंबे समय से चल रहा है। डीडवाना के निजी व्यापारियों द्वारा सांभर साल्ट के पैकेटों में नमक भरकर सरकारी कंपनी के नाम का दुरुपयोग किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि डीडवाना नमक का झील खाने योग्य नहीं है। बल्कि उसे औद्योगिक इकाइयों में इस्तेमाल किया जाता है।



### मुनाफे के लालच में खिलवाड़

डीडवाना में व्यापारी मुनाफे के लालच में आमजन की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। यहां के कुछ मजदूरों का कहना है कि मिलीभगत से पूरा खेल चल रहा है। सांभर साल्ट के पैकेट डीडवाना झील का नमक कुछ निजी व्यापारियों तक पहुंचाए गए, जिससे कि इन कट्टों में डीडवाना का नमक भरकर उसे सांभर के नाम से बेचा जा सके। इसमें उन्हें भारी मुनाफा होता है।

### पहले भी सामने आ चुका है मामला

इस मामले में सांभर साल्ट के जनरल मैनेजर सतीश डीचौथनकर ने कहा कि सांभर साल्ट के नाम से डीडवाना का नमक बेचा जाना गैरकानूनी है। उन्होंने बताया कि यह मामला पहले भी संज्ञान में आया था और इस बारे में पूर्व में भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। बताया जाता है कि सांभर साल्ट के नाम पर डीडवाना झील का नमक पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में भेजा जाता है। इससे उन्हें काफी मुनाफा हो रहा है। सबसे बड़ी बात की इतनी बड़ी गड़बड़ी दिन के उजाले में की जा रही है और किसी अधिकारी को इसकी कोई खबर नहीं है।

## एक मजदूर की दम घुटने से हुई थी मौत

# आग में झुलसे चार और मजदूरों ने तोड़ा दम

**खैरथल।** जिले के भिवाड़ी में मंगलवार की शाम को एक केमिकल कंपनी में ब्लास्ट के बाद आग लग गई। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 12 से ज्यादा मजदूर झुलस गए। इसके बाद सभी को उप जिला अस्पताल भिवाड़ी में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

भिवाड़ी एडिशनल एसपी अतुल साहू ने बताया कि मंगलवार शाम को कंपनी में आगजनी के मामले बुधवार की सुबह चार मजदूरों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य घायल निजी अस्पताल में भर्ती हैं। ब्लास्ट के बाद लगी आग से कंपनी परिसर में हड़कंप मच गया था। मजदूर अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे, लेकिन कंपनी में धुआं हो जाने के कारण एक मजदूर का दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना में 12 से अधिक मजदूर घायल हो गए, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कंपनी चारों ओर से कवर थी और निकलने का गेट एक ही था, जिससे आग बुझाने और मजदूरों को बाहर निकालने में बड़ी दिक्कत हुई थी। कंपनी में आग लगने के बाद एक दर्जन के करीब दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। आग इतनी भीषण थी कि दमकलकर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### बच्चों के लिए नए अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में एसीएस ने कहा...

# प्रदेश में एक जुलाई से चलाया जाएगा 'स्टॉप डायरिया' अभियान

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि देश में 5 साल तक के करीब 5.8 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण डायरिया है। हमारा लक्ष्य है कि डायरिया से होने वाली मौतें आने वाले समय में शून्य हों। इस उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में भी डायरिया पर प्रभावी रोकथाम के लिए एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। सभी संबंधित




विभाग माइक्रो प्लानिंग एवं पूर्ण समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर इस अभियान को सफल बनाएं। सिंह बुधवार को स्वास्थ्य भवन में स्टॉप डायरिया अभियान-2024 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि, महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव मोहनलाल यादव, अतिरिक्त आयुक्त ईजीएस जुगल किशोर मीणा, सहायक निदेशक स्थानीय निकाय विभाग शीलावती मीणा, परियोजना निदेशक बाल स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश में हर साल 3900 मौतें डायरिया से

डायरिया नियंत्रण में राजस्थान की स्थिति राष्ट्रीय औसत एवं अन्य राज्यों से बेहतर है, लेकिन अभी भी प्रदेश में हर वर्ष 3900 से अधिक बच्चों की मृत्यु डायरिया से होना चिंताजनक है। आगामी दो माह मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण हैं। इसे देखते हुए तैयारियां सुनिश्चित करें। हमारा यही लक्ष्य हो कि प्रदेश में एक भी बच्चे की मौत डायरिया से नहीं हो।

### संवेदनशील वर्गों एवं क्षेत्रों पर रहे विशेष फोकस

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि डायरिया से अधिकांश मौतें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों, कच्ची बस्ती, पिछड़े क्षेत्रों, बाढ़ या सूखाग्रस्त आदि इलाकों में सामने आती हैं। ऐसे संवेदनशील वर्गों एवं क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष फोकस के साथ डायरिया रोकथाम गतिविधियों का संचालन किया जाए। सिंह ने कहा कि स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही बच्चों को डायरिया से बचाव को लेकर जागरूक किया जाए।

### अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें

सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों का भी स्टॉप डायरिया अभियान में सहयोग लिया जाए। साथ ही, एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों, सोशल एक्टिविस्ट सहित अधिकाधिक जनसहभागिता बढ़ाते हुए इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग मानसून के दौरान पाइपलाइनों में लीकेज के कारण दूषित जल की समस्या का यथासम्भव समाधान करें। ऐसे जल स्रोत जिनका पानी दूषित होने की आशंका रहती है, वहां से जल का उपयोग नहीं किए जाने के उपाय सुनिश्चित करें।

## Yuva स्टोरीज

### हरियाणा बोर्ड 10वीं-12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली।** बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन, हरियाणा की तरफ से हरियाणा बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। जो उम्मीदवार इन परीक्षाओं में शामिल होंगे, वे आधिकारिक वेबसाइट bseh.org.in से अपने संबंधित एडमिट कार्ड A 4 साइज पेपर पर डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड के संबंध में बीएसईएच अध्यक्ष ने कहा कि यदि उम्मीदवारों को फोटो, हस्ताक्षर और अन्य विवरणों में कोई त्रुटि मिलती है, तो आवश्यक सुधार करने के लिए परीक्षा के शुरुआत से पहले बोर्ड को सूचित किया जाना चाहिए। उन्होंने ने बताया कि परीक्षा शुरू होने के बाद फोटो और हस्ताक्षर संबंधी त्रुटियों को ठीक नहीं किया जाएगा। परीक्षार्थी द्वारा A-4 साईज पेपर पर रंगीन प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जाना आवश्यक है। हरियाणा बोर्ड 10वीं-12वीं दोनों परीक्षाओं में कुल 28,280 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के बारे में जानकारी साझा करते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वी.पी. यादव ने बताया कि 12वीं कक्षा की कंपार्टमेंट परीक्षाएं 3 जुलाई 2024 को होंगी, जिसमें कुल 20,707 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 12,529 लड़के और 8,178 लड़कियां शामिल हैं। परीक्षा राज्य भर के 75 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। कक्षा 10वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा 4 जुलाई से 11 जुलाई 2024 तक आयोजित की जाएगी। इसमें कुल 7,573 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 4,895 लड़के और 2,678 लड़कियां होंगी। सभी परीक्षार्थी राज्य भर के 28 परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होंगे। परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता और गरिमा बनाए रखने के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### संग्रहाध्यक्ष के पदों में वृद्धि, वर्गीकरण के संबंध में शुद्धि-पत्र जारी

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से संग्रहाध्यक्ष, खोज व उत्खनन अधिकारी (पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग) भर्ती-2023 के अंतर्गत शुद्धि-पत्र संख्या 03/2024-25 द्वारा संग्रहाध्यक्ष के पदों का संशोधित वर्गवार वर्गीकरण जारी किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि इस भर्ती के तहत संग्रहाध्यक्ष के 9 पदों के लिए 21 जुलाई को विज्ञापन संख्या 04/2023-24 जारी किया गया था। संबंधित विभाग द्वारा 1 पद की वृद्धि किए जाने के कारण संग्रहाध्यक्ष के कुल पदों की संख्या 10 हो गई है। इसके संशोधित वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में शुद्धि-पत्र जारी किया गया है, जिसका अवलोकन अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर कर सकते हैं।



### मितेश गुप्ता का स्पेस एप्लिकेशन सेंटर में इंटर्नशिप के लिए चयन

**जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के प्रतिभाशाली छात्र मितेश गुप्ता ने अहमदाबाद में स्पेस एप्लिकेशन सेंटर (एसएसी) में एक प्रतिष्ठित इंटर्नशिप हासिल की है। यह अवसर 2022 में चेतन यादव द्वारा स्थापित एक स्पेस एड-टेक कंपनी ओजोन स्पेस द्वारा प्रदान किया गया था। विशेष रूप से, ओजोन स्पेस इस मील के पत्थर को हासिल करने वाली उत्तर भारत की पहली स्पेस एड-टेक कंपनी है। गुप्ता ने इंटर्नशिप को एक सपना सच होने जैसा बताते हुए अपना उत्साह व्यक्त किया। ओजोन स्पेस पूर्व-इसरो वैज्ञानिकों की मदद से कार्यशालाएं और पाठ्यक्रम आयोजित करता है।




### एनटीटी भर्ती के दस्तावेजों का ऑनलाइन होगा सत्यापन

**जयपुर।** महिला बाल विकास विभाग में शिक्षा विभाग के प्रक्रियाधीन एनटीटी भर्ती 2018 में अब तक 924 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी हैं। शेष पदों को भरने के लिए चोथी सूची जारी की गई थी। उनके दस्तावेजों का सत्यापन 1 जूलाई से 5 जूलाई 2024 तक होने थे। लेकिन बुधवार को चयन बोर्ड ने अचानक दस्तावेजों का सत्यापन स्थगित कर दिया गया। चयन बोर्ड की ओर से अभ्यर्थियों को जानकारी दी गई कि एनटीटी भर्ती में अब दस्तावेजों का सत्यापन ऑनलाइन किया जाएगा। एनटीटी संघर्ष समिति प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा ने कहा कि चयन बोर्ड जल्द दस्तावेजों का सत्यापन ऑनलाइन करवाने के लिए जल्द साइट लिंक खोले, जिससे भर्ती समय पर पुरी हो सके।

### शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने वीसी में दिए निर्देश

# गुणवत्तायुक्त शिक्षा से हर बालक को जोड़ें: दिलावर

■ अमृत पर्यावरण महोत्सव में अधिक से अधिक पौधारोपण करें

**बेधड़क** | जयपुर

स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि प्रवेशोत्सव को गंभीरता से लेकर प्रदेश के प्रत्येक बालक को गुणवत्तायुक्त शिक्षा से जोड़ना सुनिश्चित करें। दिलावर बुधवार को शिक्षा संकुल में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग, जिला, ब्लॉक एवं पंचायतस्तरीय शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रवेशोत्सव के दौरान नामांकित बच्चों का जोर-शोर से स्वागत कर उत्साहवर्द्धन करें। उन्होंने आरटीई के संबंध में प्राप्त शिकायतों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने, बोर्ड परीक्षा में छात्रों को सत्रांक देने में सावधानी बरतने, कक्षा में मोबाईल न ले जाने, गांव में रात्रि विश्राम करने, अध्यापकों को तैयारी के साथ कक्षा में जाने, प्रार्थना के दौरान निर्धारित कार्यक्रमों को जारी रखने, विद्यालय समय में किसी भी धार्मिक गतिविधि से दूर रहने, पट्टा विहीन विद्यालयों के लिए पट्टे जारी करवाने, विद्यालयों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यालय को प्राप्त सामग्री का वितरण समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पिछले वर्षों की तुलना में अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए धन्यवाद दिया।

वीसी में आयुक्त, मिड-डे मील विश्वमोहन शर्मा, विशिष्ट शासन सचिव शिक्षा चित्रा गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के राज्य, संभाग, जिला, ब्लॉक एवं पंचायतस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### इन विद्यालयों में विशेष ध्यान रखने के निर्देश

राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय तथा पीएम विद्यालयों के संचालन पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

### जितने परिवार सदस्य उतने लगाएं पौधे

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी विद्यालयों में खेल मैदान जरूरी है। खेल मैदानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो तथा खेल मैदान रहित विद्यालयों के लिए मैदान आवंटित करवाने के लिए सार्थक प्रयास करें। उन्होंने वृक्षों की उपयोगिता एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया और अमृत पर्यावरण महोत्सव के दौरान विद्यालयों में नामांकित छात्रों को अपने परिवार के सदस्यों की संख्या के बराबर पौधे लगाने का लक्ष्य दिया। प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के भी निर्देश दिए। वीसी में शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने संवेदनशील रहकर दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लास रूम का अधिकतम उपयोग करने, आंगनवाड़ी के बच्चों को विद्यालय से जोड़ने तथा कम परीक्षा परिणाम वाले 25 विद्यालयों का जिलेवार चयन कर कारणों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

### डिजिटल एप से होगा प्रवेशोत्सव सर्वे

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी ने प्रवेशोत्सव के दौरान डिजिटल एप के माध्यम से सर्वे के बारे में विस्तार से बताया एवं जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन का सहयोग लेकर सर्वे में चिन्हित बालकों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वीसी के दौरान प्रवेशोत्सव पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर में विद्यालय के श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले चार टॉपर छात्रों के फोटो लगाकर प्रदर्शित किए जाएंगे।

### शिक्षा संकुल में शिक्षा मंत्री ने किया पौधारोपण



**जयपुर।** डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को पौधारोपण कर मानसून का स्वागत किया। इस अवसर पर शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया।




### पीएमश्री KV-1 वायुसेना जोधपुर में कार्यक्रम

## प्रवेशोत्सव में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से कर दिया मंत्रमुग्ध

**बेधड़क** | जोधपुर

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 वायुसेना जोधपुर में कक्षा प्रथम के नवप्रवेशी बच्चों के लिए प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा, विशिष्ट उपप्राचार्य मूल सिंह शेखावत एवं मुख्याध्यापक आर. आर. आजाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्याध्यापक आर. आर. आजाद के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई । विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । इस कार्यक्रम में नव प्रवेशी 162 बच्चों के साथ उनके अभिभावकगण भी सम्मिलित हुए। नव प्रवेशी विद्यार्थियों ने विद्यालय को एक – एक पौधा भेंट कर पर्यावरण जागरूकता का सन्देश दिया। विद्यालय कि शिक्षिका दीपिका नामा और भावना शेखावत ने कठपुतली के प्रदर्शन द्वारा जंक फूड जो स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदेह होते हैं के बारे में बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत, गीत इत्यादि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। उपप्राचार्य मूल सिंह शेखावत ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार वर्मा ने नव प्रवेशी बच्चों को पठन-लेखन सामग्री प्रदान की । उन्होंने अपने उद्बोधन में नौनिहालों और अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों के शैक्षणिक स्तर के अलावा नई शिक्षा नीति के अनुसार मानसिक, शारीरिक व संवेगात्मक विकास के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय से सम्बन्धित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार सुथार व नम्रता ने किया। अंत में वरिष्ठ शिक्षिका कंचन तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर हुए जनजागरूकता कार्यक्रम

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को नशे से होने वाले नुकसानों के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में जयपुरिया अस्पताल में नशा निषेध के लिए पोस्टर लगाए व पैंपलेट का वितरण किया गया। गया। साथ ही एसएमएस के नशा मुक्ति वार्ड में नशा नहीं करने की शपथ दिलाया गई। अचरोल में नशा मुक्ति संस्था में मरीजों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। आमजन और समाज को जागरूक करने के लिए चेतना, जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में डॉ. राजेश कुमार शर्मा (नोडल अधिकारी एनएमएचपी) डॉ. गजानंद वर्मा (वरिष्ठ मनोचिकित्सक, सीआरए), मनीष एवं श्रीराम यादव ने सहभागिता की।

### एडमिशन | 1 जुलाई से होगा सेशन शुरू, 26 हजार से ज्यादा ने किया था आवेदन

# RU में एडमिशन कटऑफ जारी, स्टूडेंट्स में छाई खुशियां

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी के संगठक कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट कोर्स के लिए गुरुवार को कटऑफ लिस्ट जारी कर दी गई है। लिस्ट के जरिए 100% सीटों पर स्टूडेंट का सिलेक्शन किया जाएगा। इसके आधार पर स्टूडेंट्स का महारानी कॉलेज, महाराजा कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज और राजस्थान कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी पास कोर्स, ऑनर्स कोर्स के साथ सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा, बीसीए, बीबीए, बीपीए में एडमिशन होगा। लिस्ट में मनचाहे कॉलेज में एडमिशन मिलने पर स्टूडेंट्स में खुशियां देखी गई। राजस्थान यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर रामावतार शर्मा ने बताया कि राजस्थान



यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े संगठक कॉलेजों में एडमिशन के लिए 26 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था। संगठक कॉलेजों ने अपने स्तर पर कटऑफ लिस्ट जारी की है। इसके बाद डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के साथ ही स्टूडेंट्स को एडमिशन दे दिया जाएगा। वहीं 1 जुलाई से नए सत्र की शुरुआत भी की जाएगी।

**कॉमर्स कॉलेज (B.com पासकोर्स)**

| कैटेगरी | कट ऑफ |
|---|---|
| जनरल | 91.80 |
| ओबीसी | 80.40 |
| एससी | 65.60 |
| एसटी | 52.40 |
| एसबीसी | 61.20 |
| ईडब्ल्यूएस | 75.60 |

**राजस्थान कॉलेज (BA पासकोर्स)**

| कैटेगरी | कट ऑफ |
|---|---|
| जनरल | 93.20 |
| ओबीसी | 90.40 |
| एससी | 87.20 |
| एसटी | 88.60 |
| एसबीसी | 87 |
| ईडब्ल्यूएस | 86.80 |

**महाराजा कॉलेज (B.Sc. पासकोर्स)**

| कैटेगरी | बायो | मैथ्स |
|---|---|---|
| जनरल | 88.80 | 94.80 |
| ओबीसी | 82.20 | 92.60 |
| एससी | 77.40 | 88.20 |
| एसटी | 80.60 | 89.80 |
| एसबीसी | 76.20 | 90.20 |
| ईडब्ल्यूएस | 69.60 | 92.20 |

**महारानी कॉलेज**

| कैटेगरी | बीए | बीकॉम |
|---|---|---|
| जनरल | 96.20 | 95.60 |
| ओबीसी | 94 | 91.60 |
| एससी | 90.60 | 85.20 |
| एसटी | 91.40 | 61.60 |
| ईडब्ल्यूएस | 92.20 | 91.60 |

# संसद चलाना सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के उम्मीदवार ओम बिरला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश को हराकर एक बार फिर से लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुन लिए गए हैं। ध्वनिमत के जरिए ही ओम बिरला को चुन लिया गया और विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की। देश की नई संसद में ओम बिरला का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हे आसन पर आसीन कराकर सदन की परंपरा और गरिमा को चरितार्थ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में ओम बिरला को बतौर सांसद एवं 17 वीं लोकसभा के अध्यक्ष के रुप में किए गए उनके कार्यों की जमकर सराहना की और कहा कि उनका अनुभव काम आएगा। उल्लेखनीय है कि ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुना गया है। 17 वीं लोकसभा में बतौर अध्यक्ष उनकी भूमिका बेहद सारगर्भित रही। नवनियुक्त लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत सभी दलों के नेताओं ने भरपूप बधाई के साथ विपक्ष को बराबर मौका दिए जाने की मांग की। बहरहाल जिस तरह पहले दिन लोकसभा का माहौल सहज दिखा है उससे उम्मीद किया जाना चाहिए कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही अपनी जवाबदेही और जिम्मेदारी का भलीभांति निर्वहन करेंगे। समझना होगा कि संसद को चलाना सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है। बेशक विपक्ष का उत्तरदायित्व है कि वह जनता व जनहित से जुड़े मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछे। सरकार की कड़ी घेराबंदी करे। लेकिन यह तभी संभव होगा जब सदन की कार्यवाही ठीक तरीके से चलेगी। जब सदन ही हंगामे की भेंट चढ़ जाएगा तो फिर विपक्षी दलों की आवाज को कौन सुनेगा? इस तथ्य से कोई भी असहमत नहीं कि देश विविधताओं से भरा हुआ है। राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ क्षेत्रीय भावनाओं और मुद्दों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उस



पर विमर्श को आगे बढ़ाना और जनआकांक्षाओं के निष्कर्ष तक ले जाना सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी होती है। लेकिन जनआकांक्षाओं की पूर्ति तब होगी जब सदन व्यवस्थित रुप से चलेगा। जब विपक्ष के तार्किक सवालों का सत्ता पक्ष द्वारा तार्किकता से जवाब दिया जाएगा। लेकिन 17 वीं लोकसभा में ऐसा होता नहीं दिखा। संसद का ज्यादतर समय हंगामे की भेंट ही चढता रहा। सदन के सदस्यों को याद रखना होगा कि 13 मई 1952 को जब संसद की पहली बैठक संपन्न हुई तब देश के पहले राष्ट्रपति डा0 राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि संसद जनभावनाओं की अपेक्षा की सर्वोच्च पंचायत है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु ने संसदीय लोकतंत्र को जवाबदेही से जोड़ते हुए संदेश दिया कि भारत की सेवा का अर्थ लाखों-करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना है। लोकसभा के पहले अध्यक्ष गणेश वासुदेव मावलंकर ने जनता और जनप्रतिनिधियों को आगाह करते हुए कहा था कि सच्चे लोकतंत्र के लिए व्यक्ति को केवल संविधान के उपबंधों अथवा विधानमंडल में कार्य संचालन हेतु बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुपालन तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि विधानमंडल के सदस्यों में लोकतंत्र की सच्ची भावना भी विकसित होनी चाहिए। सवाल लाजिमी है कि क्या मौजुदा निर्वाचित जनप्रतिनिधि डा0 राजेंद्र प्रसाद, पंडित नेहरु और मावलंकर की अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरेंगे। राजनीतिक दलों विशेषकर जनता के प्रतिनिधियों को इन सवालों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। दो राय नहीं कि इन दशकों में संसद ने ढ़ेर सारे उतार-चढ़ाव देखे और अपनी सर्वोच्चता बनाए रखी। देश भी संसदीय लोकतंत्र पर अपना विश्वास बनाए हुए है। आज भी लोगों की निष्ठा व आस्था संसद के प्रति बनी हुई है। बहुलतावादी भारतीय समाज में व्याप्त असमानताओं के बावजूद भी संसद में समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ा है और आवाज मुखर हुई है। संसद ने इन दशकों में ढ़ेर सारे ऐसे निर्णय लिए हैं जो सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक सरोकारों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। सामाजिक मोर्चे पर संसद के कार्यों का मूल्यांकन करें तो निःसंदेह उपलब्धियां स्वागतयोग्य है। मसलन संसद में महिलाओं को आरक्षण, दहेज प्रथा और अस्पृश्यता उन्मूलन जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोकथाम लगाकर संसद ने अपने मानवीय दृष्टिकोण को चरितार्थ किया है। भूमि सुधार और श्रम कानून के माध्यम से वह भूमिहीनों और कामगारों को आर्थिक संबल प्रदान किया है। संसद ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का द्वारा खोला है। मनरेगा कार्यक्रम चलाकर रोजगार क्रांति की शुभारंभ की। संसद ने घरेलू हिंसा पर रोक का कानून बनाकर बच्चों और महिलाओं की रक्षा की। सूचना और शिक्षा के अधिकार कानून से समाज को लैस किया। फिर भी इस दिशा में संसद द्वारा अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह तभी संभव होगा जब जनता के प्रतिनिधि संसद की गरिमा का पालन करते हुए जवाबदेही का आचरण पेश करेंगे। उन्हें समझना होगा कि हजारों कानून बनने के बाद भी देश की जमीनी सूरत नहीं बदली है। संसद की भूमिका का विस्तार किया जाना जरुरी है। यह तभी संभव होगा जब देश की सर्वोच्च पंचायत में गरीबों, मजदूरों, किसानों और आधी आबादी की भागीदारी बढ़ेगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## कन्हैया लाल कपूर की जयंती (27 जून) पर विशेष

# कन्हैया लाल कपूर... बस! कन्हैया लाल कपूर था !



मिर्जा अदीब
उर्दू लेखक

> *"मैं तो उन लम्हों में इस कन्हैया लाल कपूर को याद कर रहा हूँ, जिससे आख़िरी मुलाक़ात को चौंतीस पैंतीस बरस की मुद्दत गुजर गई है, मगर मेरी तन्हाइयों में हमेशा क़रीब रहा है। मैं उस कन्हैया लाल को याद कर रहा हूँ जिसे बारहा (प्राय:) देखने के बाद भी एक बार देखने की हवस रहती थी। मैं उस कन्हैया लाल कपूर के बारे में सोच रहा हूँ, जो लम्बे लम्बे डग भरता हुआ, लहराता हुआ, बल खाता हुआ जब दफ़्तर अदब-ए-लतीफ में आता था तो उसकी मुस्कुराहटें सारे माहौल में फैल जाती थीं।"*

कन्हैया लाल कपूर... बस कन्हैया लाल कपूर थे। हज़ारों में नहीं लाखों में एक। बड़े से बड़े मजमे में भी अलग थलग नज़र आते थे। लम्बी लम्बी टांगें, लम्बे लम्बे बाज़ू मगर चेहरा उनके मुक़ाबले में बहुत छोटा। जैसे एक छोटे से मासूम बच्चे का हो। उस चेहरे पर सदा एक मिस्कीनी (दीनता) सी छाई रहती थी। पतले दुबले नहीफ-ओ-नज़ार (कमज़ोर और दुबला)। कृश्न चंदर ने एक मर्तबा पूछा, "कपूर! इतने दुबले पतले क्यूं हो?" बोले, "कृश्न जी, तुम्हें तो तुम्हारी गोपियां मक्खन खिलाया करती हैं, मुझ ग़रीब को गोपी नहीं पूछती।" कृश्न ख़ामोश रहने वाले आदमी कहाँ। फौरन कहने लगे, "कन्हैया जी, बस नाम ही के कन्हैया हो। मक्खन यूं नहीं, चुराकर खाया जाता है।" कपूर ने जवाब दिया, "जी हाँ, दुरुस्त कहा। मगर मुसीबत ये है कि हम कुछ शरीफ़ क़िस्म के कन्हैया हैं। चोर कृष्ण कन्हैया नहीं हैं।" इस फिक़रे की चोट कृश्न चंदर ने ज़रूर महसूस की होगी। कपूर वाक़ई बहुत दुबले पतले थे। उपेन्द्रनाथ अश्क कहते थे अगर कभी आंधी ज़ोर से चली तो कपूर उड़ कर न जाने कहाँ पहुंच जाएगा। ये बात कहीं से कहीं पहुँच गई। एक-बार ऐसा हुआ कि कपूर, अश्क, कृश्न, राजा मेंहदी अली खां, गोपाल मित्तल 'अदब-ए-लतीफ' के दफ्तर में बैठे चाय पी रहे थे। बाहर तेज़ हवा ने आंधी की शक्ल इख्तियार कर ली थी। यकायक कपूर ने चाय के दो तीन घूँट भर कर प्याली मेज़ पर रख दी और अपनी कुर्सी से उठ बैठे। अश्क ने पूछा, "क्यों कपूर जी?" जवाबन बोले, "यार एक बहुत ज़रूरी काम याद आ गया है।" और ये कह कर दरवाज़े की तरफ जाने लगे। उधर राजा मेंहदी अली खां भी अपनी प्याली ख़ाली करके उठ बैठे और कपूर से कहने लगे, "चलिए कपूर साहब।" कपूर ने पूछा, "आपको कहाँ जाना है?" राजा ने कहा, "जहाँ आपको जाना है।" कपूर कुछ न समझते हुए हैरत से उनकी तरफ देखने लगे। राजा ने मुस्कराकर कहा, "कपूर आप हैरान क्यूं होते हैं। मेरा तन-ओ-तोश (डीलडौल) देख रहे हैं ना, ख़ुदा की कसम इससे भी ज्यादा तेज़ आंधी चले, तो आपको उड़ने नहीं दूंगा।" कपूर खामोश हो जाते ये तो मुम्किन ही न था। कहने लगे, "राजा जी, मेरी फिक्र न



कीजिए, बुलंदी से गिरूँगा तो कोई फर्क़ नहीं पड़ेगा। आप ज़मीन पर गिर पड़े तो पाश-पाश (टुकड़े-टुकड़े) हो जाएंगे।"

मुझे याद नहीं कि कपूर ने कभी किसी की तारीफ की हो। मैं पूछता, "कपूर जी, कृश्न का ताज़ा अफसाना कैसा है ?" जवाब देते, "बस वैसा ही जैसा होना चाहिए। जैसा कृश्न चंदर को लिखना चाहिए। कृश्न में ये बड़ी ख़ूबी है कि जज़्बाती आदमियों को रुला देता है।" कपूर मुस्कराकर जवाब देते। कृश्न के बड़े मार्के के अफसाने 'अदब-ए-लतीफ' में छपे, मगर मैं और कृश्न ख़ुद इस बात को तरसते ही रहे कि कभी कपूर किसी अफसाने की तारीफ कर दें। एक दिन उपेन्द्रनाथ अश्क ने यारों की महफिल में अपना नया अफसाना सुनाया। हम सबने पसंद किया। कपूर ख़ामोश रहे। मैंने पूछा, "कपूर जी, कुछ आप भी कहिए ?" कपूर बोले, "बहुत अच्छे, बहुत आला अदब की एक ला—ज़वाल (शाश्वत) तहरीक।" हम सब हैरान हो कर उनका मुँह देखने लगे। कपूर ने तो आज तक किसी की तारीफ ही नहीं की। अश्क के अफसाने की इस क़दर तारीफ क्यूं करने लगे। अभी उन्हें तारीफ किए एक मिनट भी नहीं गुज़रा होगा कि बड़ी संजीदगी से बोले, "यार अश्क, ज़रा ये तो बता दो अभी अभी तुमने जो कुछ पढ़ा है, ये है क्या ? अफसाना, ड्रामा, मज़मून या कुछ और।" ये सुनकर सब हंस पड़े और अश्क की ये हालत कि गोया अभी अश्क-बार (रोने वाला) हो जाएंगे।

कपूर बी जमालो का पार्ट अदा करके बहुत ख़ुश होते थे। जब भी उन्होंने ऐसा किया बड़ी ख़ुश-उस्लूबी (अच्छा प्रबंधन) से किया। एक वाक़िआ याद आ गया है। कृश्न चंदर और अश्क दोनों के अफसाने पर्चे में छपे। कृश्न तो बड़ी तेज़ी से शोहरत की बुलंदियों की तरफ जा रहा था। उसके हर अफसाने की इशाअत (प्रकाशन) पर कई ख़ुतूत दफ़्तर में आ जाते थे। एक-आध ख़त में अश्क के अफसाने की भी तारीफ निकल आती थी। हाँ, तो दोनों के अफसाने छपे। अब कपूर की सरगर्मी (सक्रियता) मुलाहिज़ा फरमाइये। कपूर, कृश्न चंदर से मिले और उसे इत्तिला दी। "कृश्न! यार हैरत है, तुम्हारा इतना ख़ूबसूरत अफसाना छपा है और पढ़ने वालों ने उसे बिल्कुल पसंद नहीं किया। अश्क के अफसाने को बेपनाह दाद दी है।" कृश्न के लिए ये बात, बिल्कुल खिलाफ-ए-तवक़्क़ो (आशा के विपरीत) थी, मगर दिल बड़ा वसीअ (विशाल) था। ख़ामोश रहा। ज़ाहिर है कृश्न को वही कुछ करना चाहिए था, जिसकी कपूर को उम्मीद थी और जिसके लिए उन्होंने चक्कर चलाया था। कृश्न ने अश्क को बहुत बहुत मुबारकबाद दी। अश्क दिल में बहुत ख़ुश हुआ। ऊपर से सिर्फ़ ये कहता रहा, "मैं नहीं मानता। ऐसा नहीं हो सकता।" कपूर को अपनी कार्रवाई के नतीजे का इल्म हो गया। शाम को कृश्न और अश्क दफ़्तर में आए, तो कपूर भी पहुँच गए और आते ही बोले, "मिर्ज़ा यार! कृश्न और अश्क के अफसानों के बारे में जो ख़ुतूत आए हैं वो ज़रा दीजिए।" मुझे क्या मालूम था कि असल मुआमला क्या है। मैंने सारे ख़ुतूत अश्क के सामने फैला दिए। अब अश्क जो ख़त भी उठाता है उसमें कृश्न के अफसाने की बेपनाह तारीफ और उसका कोई ज़िक्र नहीं। कपूर उनके चेहरे को बड़े ग़ौर से देख रहे हैं और मुस्कुराते जा रहे हैं। दूसरी तरफ कृश्न भी एक एक ख़त का मुताला (अध्ययन) कर रहा है लेकिन चेहरे से बेनियाज़ी नुमायां (लापरवाही प्रकट) है। मेरी समझ में नहीं आता था कि ये हो क्या रहा है। मुआमले ने उस वक़्त दिगर-गूँ (उथल-पुथल) सूरत इख़्तियार करनी शुरू कर दी, जब अश्क ने कपूर की तरफ क़हर—आलूद (गुस्से से भरा हुआ) नज़रों से देखा, "वो ख़त कहाँ हैं जो मेरे अफसाने की तारीफ में आए हैं?" उसने कपूर से पूछा। कपूर ने बड़े इत्मिनान से फरमाया, "अश्क ! मैंने तो उन सारे ख़ुतूत में तुम्हारी तारीफ ही पढ़ी थी। न जाने अब क्या हो गया है। मिर्ज़ा के पास ज़रूर कोई झरलो है।" "बकवास।" और अश्क उठ बैठा। बड़ी मुश्किल से उसे मनाया गया।

सालनामा छपने वाला था। मैंने उनसे इसरार करके उनका मज़मून हासिल किया। दूसरे रोज़ आए तो मैंने बड़ी तारीफ की। मुस्कुराते रहे, आख़िर में बोले, "आपने मज़मून समझ लिया है!" सख़्त गुस्सा आया। कहा, "कपूर, अगर मज़मून समझा न होता, तो उसकी तारीफ क्यूं करता।" एक दो लम्हे मुस्कुराते रहे फिर बोले, "अच्छा ये मुआमला है। मैं, तो समझता हूँ जिस चीज़ की ज़्यादा तारीफ की जाती है, उसे इंसान समझा नहीं होता।" एक वाक़िआ मुझे डाक्टर वहीद क़ुरैशी ने बताया है। क़ियाम-ए-पाकिस्तान (पाकिस्तान की स्थापना) के बाद कपूर मोगा चले गए थे। वहाँ कॉलेज में अंग्रेज़ी पढ़ाते थे। मेरी लाइब्रेरी के मालिक चौधरी बशीर अहमद ने कपूर के मज़ामीन का इंतिख़ाब (चयन) छापना चाहा, तो मुज़फ्फर अली सय्यद ने कहा कि वो मज़ामीन का इंतिख़ाब करें और साथ दीबाचा (भूमिका) भी लिख दें। ज़ाहिर है इसके लिए कपूर से इजाज़त लेना ज़रूरी था। मुज़फ्फर अली सय्यद ने कपूर को इस सिलसिले में ख़त लिखा और इजाज़त की दरख़्वास्त की। कपूर ने जो जवाब लिखा उस में कहा, "इससे ज़्यादा मेरी ख़ुशक़िस्मती क्या होगी कि एक सय्यद के हाथों मारा जाऊं। ज़रूर इंतिख़ाब छापिए।" मैं कन्हैया लाल कपूर की तंज़िया तहरीरों के मुतअल्लिक़ एक लफ़्ज़ भी नहीं कहूँगा।

**(उर्दू से हिन्दी लिप्यंतरण : ज़ाहिद ख़ान और इशरत ग्वालियरी।)**

## व्यंग्य

# पुल का गिरना



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

देश में एक और तो भ्रष्टाचार किसी भी कीमत में सहन नहीं करने की नीति चल रही है। जहां भ्रष्टाचारी खिलाफ कार्रवाई होती है तो वहां की जनता की सरकारी संकल्प पर भरोसा करती है । लेकिन भ्रष्टाचार देश में कण-कण में भगवान की तरह जगह जगह व्याप्त है । भ्रष्टाचार की जड़ कीचड़ में नहीं दल दल में फंसी हुई है । बाहर निकलने का प्रयास करते हैं तो फिर वह छिटक कर वहीं अपना स्थान बना लेती है। कोई सटीक उपाय अभी तक नहीं सूझ रहा ।

सरकारी निर्माण के तहत सड़के पुल बिना भ्रष्टाचार के अपना अस्तित्व ही नहीं बना पाते। संवेदक जैसे ही निर्माण का श्री गणेश करता हैं, तो वह पहले इस भ्रष्टाचारी परंपरा के अनुसार अपना हिसाब किताब बिठाता है। कितना कमीशन कहां किस किस को देना है और अपने हिस्से में कितना कुछ आता है। इसके बाद ही वह निर्माण कार्य शुरू करता है। सड़क निर्माण कहीं भी हो, पूरी सौ टका वाली गारंटी का निर्माण नहीं होता। घटिया निर्माण सामग्री से निर्मित होने वाली सड़कें कुछ समय बाद ही अपनी अंतरात्मा खोलकर अपना दुख भरा अस्तित्व दिखाने लगती है । जनता सड़क निर्माण एजेंसी को कोसती रहती है। कमोबेश यही स्थिति करोड़ों रुपए से बनने वाले पुल निर्माण की है। इस देश में हद तो तब हो गई जब कुछ ही दिनों के अंतराल में वह तीन पुल पूरा बनने से पहले ही भरभरा कर धरती से जा मिले। क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए बन रहे पुल अपने उद्घाटन के पहले ही चकनाचूर हो गये । जनता और मीडिया निर्माण एजेंसी पर मोटा दलने लगी। माल मटेरियल गुणवत्तापूर्ण नहीं लगाया तो पुल टूट गये तो किसकी जिम्मेदारी है ? जनता के आक्रोश पर सरकार ने जांच बिठा दी । मंत्री जी ने चेहरे पर गंभीरता लाते हुए कहा 'दोषी को , बक्शा नहीं जाएगा ।' जनता बुद बुदाई, सजा होती ही कहां है? सब ऊपर के ऊपर ही लीपा पोती हो मामला निपट जाता है । और लोग भी बात को समय के साथ धीरे-धीरे सब भूल भुलू जाते हैं।

संबंधित इंजीनियर से पूछो कि अपने राज्य में ही इतनी कम समय में इतने सारे पुल टूटने पर क्या कारण है ? वह बोलेगा जांच बिठा दी है । दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। संवेदक से पूछो तो वह बोलेगा 'सबका साथ सबका विकास के मंत्र को समझो। टूटना और निर्माण हमारे प्रगति का परिचायक है। जल्दी सरकार नया बजट देगी और फिर पुल बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।'' क्षेत्रीय लोगों ने भी नए पुल निर्माण की आस में चुप्पी साध कर बैठना उचित समझा।

## नॉलेज कॉर्नर: नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए लोस में पार्टी की 10 फीसदी सीटें होना जरूरी

# नेता प्रतिपक्ष बड़े दर्जे और कई पावर्स का धनी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को देश की 18वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने का मौका मिला है। आपको बता दें कि संसद में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका किसी भी सामान्य सांसद से कहीं ज्यादा होती है। नेता प्रतिपक्ष का काम सरकार को आईना दिखाने का होता है। साथ ही संसद में आने वाले विधेयकों पर बहस में प्रमुखता से भूमिका निभाना और विपक्ष के नजरिए को सदन में रखने का काम होता है। वहीं खामियों को सरकार के सामने रखने के लिए मजबूती के साथ तर्क देने होते हैं। नेता प्रतिपक्ष सरकार के कामों का रिव्यू करता है। सरकार अगर कोई गलत काम कर रही है तो उसे सदन में एक्सपोज करने का काम नेता प्रतिपक्ष का होता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इसी नेता प्रतिपक्ष के बारे में।

### नेता प्रतिपक्ष की ये हैं शक्तियां

दरअसल साल 1977 में संसदीय कानूनों के तहत नेता प्रतिपक्ष के पद को मान्यता मिली थी। इस पद पर रहने वाले सांसद का वेतन और उसे मिलने वाले भत्ते की बात करें तो ये कैबिनेट मिनिस्टर के स्तर का होता है। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष की भूमिका आपको उन समितियों में भी देखने को मिलती है जो सेन्ट्रल विजिलेंस डायरेक्टर, सीबीआई डायरेक्टर, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त, मुख्य सूचना आयुक्त, लोकायुक्त और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के चेयरपर्सन और सदस्यों की



नियुक्ति करता है। इसके अलावा सरकार के खर्चों पर नजर रखने के लिए जो लोक लेखा समिति होती है नेता प्रतिपक्ष इस सिमिति का अध्यक्ष होता है।

### 2014 और 2019 में नहीं था नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष उसी विपक्षी दल का सांसद बन सकता है। जिसके पास लोकसभा की कुल 543 सीटों में से 10 फीसदी पर जीत मिली हो। यानी नेता प्रतिपक्ष उसी दल का होगा जिसके कम से कम 55 सांसद सदन में होंगे। आपको बता दें इस बार कांग्रेस के पास 99 सांसद हैं। हालांकि, साल 2019 में कांग्रेस के पास सिर्फ 52 सांसद थे और 2014 में सिर्फ 44 यही वजह थी कि इन 16वीं और 17वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की सीट खाली थी।

### यह मिलती है सुविधाएं

*नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक केंद्रीय मंत्री जितनी सुविधाएं और वेतन मिलेगा। नेता प्रतिपक्ष को वेतन और भत्ते मिलाकर लगभग 3.30 लाख रुपये मिलते हैं। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष को केंद्रीय मंत्री के स्तर का आवास और उसी स्तर की गाड़ी उपलब्ध कराई जाती है।* *कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe
मीडिया की स्वतंत्रता पर रोक, विपक्षी नेताओं को जेल भेजना, न्यायपालिका की स्वायत्तता पर अंकुश लगाना और देश के नागरिकों पर असीमित अत्याचारों के प्रतीक 25 जून 1975 के दिन को ये देश हमेशा काले अध्याय के रूप में याद रखेगा। लोकसभा अध्यक्ष की अपील के बावजूद आपातकाल के काले कालखंड में कांग्रेस की तानाशाह सरकार के हाथों अपनी जान गंवाने वाले भारत के कर्तव्यनिष्ठ और संविधान से प्रेम करने वाले नागरिकों की स्मृति में इंडी गठबंधन वालों ने 2 मिनट का मौन रखना उचित नहीं समझा। मौन के दौरान शोर करके बलिदानियों का मजाक उड़ाकर उन्होंने बता दिया कि देश व संविधान का वे कितना सम्मान करते हैं।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। आपकी सरकार ऐसे अराजक तत्वों के साथ सख्ती से निपटना जानती है। परीक्षाओं में पारदर्शिता, शुचिता और गोपनीयता की सुनिश्चितता के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक में पारित हुआ यह महत्वपूर्ण अध्यादेश उसकी एक झांकी है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राहुल गांधी को दी बधाई... कहा-वे लोकसभा में जनता की आवाज बनेंगे... जवाब में बोले राहुल गांधी -

# संविधान की करेंगे रक्षा, NDA को उनके कामों के लिए ठहराएंगे जवाबदेह

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के नेता राहुल गांधी के लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने पर कहा है कि 18वीं लोकसभा में, जनता का सदन सही मायने में अंतिम व्यक्ति की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा, जिसमें राहुल गांधी उनकी आवाज बनेंगे। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि हम साथ में सभी भारतीयों की आवाज संसद में उठाएंगे, अपने संविधान की रक्षा करेंगे और एनडीए सरकार को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराएंगे। दोनों नेताओं ने यह बात सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी पोस्ट में कही है। खरगे ने लिखा- कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में, मुझे विश्वास है कि देश के कोने-कोने में यात्रा करने वाला एक नेता (राहुल गांधी)लोगों की आवाज उठाएगा - खासकर वंचितों और गरीबों का। खरगे की शुभकामनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा - मैं कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और कांग्रेस नेता के साथ-साथ पूरे देश में पार्टी के बब्बर शेर कार्यकर्ताओं के सहयोग और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देता हूं। हम साथ में सभी भारतीयों की आवाज संसद में उठाएंगे।



### उम्मीद है अब किसी भी आवाज को नहीं दबाया जाएगा निष्कासन नहीं होगा: अखिलेश



दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी , समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंधोपाध्याय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बुधवार को ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। सपा नेता अखिलेश यादव ने बिरला को बधाई देते हुए कहा , देश की जनता की आवाज को न्याय देने की जिम्मेदारी आपके पास है। आपको सदन चलाने का पुराना अनुभव है और हमें विश्वास है कि आप इस परंपरा का निर्माण करते हुए 18वीं लोकसभा में देश की जनता की आवाज को बिना भेदभाव के सुनेंगे। उन्होंने कहा उम्मीद है कि सभी राजनीतिक दलों के सभी सांसदों को बराबरी का मौका मिलेगा। किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि सतरहवीं लोकसभा की तरह सदस्यों का निष्कासन नहीं होगा। उन्होंने कहा ,विपक्ष के साथ साथ आपका अंकुश सत्तापक्ष पर भी रहे। हम उम्मीद करते हैं कि आपके इशारे पर सदन चले इसका उल्टा नहीं हो।

### सदन निष्पक्ष रूप से चलना चाहिए

बंधोपाध्याय ने कहा कि संसदीय व्यवस्था में धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द्र जरूरी है। सत्ताधारी दल की यह सोच होनी चाहिए कि सदन विपक्ष का है। पिछले कायर्काल में जिस प्रकार विपक्षी सासंदों को सदन से निष्कसित किया गया वह सही नहीं था। द्रमुक के टी आर बालू ने कहा कि सदन निष्पक्ष रूप से चलना चाहिए जिसमें सभी को बराबर का मौका मिले। यहां पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा जदयू के राजीव रंजन सिंह, शिवसेना उद्धव गुट के अरविन्द सावंत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी)की सुप्रिया सुले, शिवसने शिंदे गुट के श्रीरंग अप्पा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान समेत कई सदस्यो ने बिरला को दोबारा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

### राहुल गांधी 2 जुलाई को कोर्ट में तलब



**सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश)।** गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में पक्षकार बनने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी है। अगली सुनवाई दो जुलाई को होगी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### अब नहीं देखने पड़ेंगे इमरजेंसी के दिन: धनखड़

**गाजियाबाद।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 1975 में देश में आपातकाल लगाए जाने को याद करते हुए बुधवार को कहा कि किसी भी हालत में अब देश में ऐसा दिन दोबारा देखने को नहीं मिलेगा। क्योंकि अब भारतीय लोकतंत्र की नींव इतनी मजबूत हो गई है कि गांवों, नगर पालिकाओं और जिलों में लोकतंत्र है। धनखड़ गाजियाबाद जिले में सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश पर पहले कभी ऐसे काले घने बादल नहीं मंडराए थे, जो आज के दिन (1975) मंडराए थे। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र (1975) में अंधेरे में चला गया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राज्यसभा के सभापति के तौर पर उन्होंने सांसदों से 100 पौधे लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि मैं इसका पालन करता हूं।

नवनिर्वाचित स्पीकर का उच्च कोटि के संवाद और चर्चा पर जोर

# नहीं चाहता एक्शन लेना, संसद व सड़क के विरोध में हो फर्क: बिरला



एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के सुचारु संचालन में सभी सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा किए जाने के साथ ही कहा कि सभी सदस्यों को संसदीय परंपराओं के अनुरूप काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना चाहते, हम सब लोग उच्च कोटि का संवाद करें, चर्चा करें। उन्होंने कहा कि संसद के विरोध और सड़क के विरोध में अंतर रहना चाहिए

। सभी सदस्यों का प्रयास होना चाहिए कि सदन का गौरव बढ़ाने का निरंतर प्रयास करें। बिरला का बयान नेता विपक्ष राहुल गांधी और सपा सांसद अखिलेश यादव की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्ष की आवाज को दबाना ठीक नहीं। विपक्ष उम्मीद करता है कि ओम बिरला सदन अध्यक्ष के तौर पर विपक्ष की उपेक्षा नहीं करेंगे और न ही विपक्षी सांसदों पर निष्कासन जैसी पाबंदियां लगाएंगे।

### जनता की आकांक्षाएं पूरी करने के सामूहिक प्रयास हों

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनी है और पिछले एक दशक में देश की जनता की अपेक्षाएं, आशाएं और आकांक्षाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, हम सबका दायित्व हो जाता है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए हम सामूहिक प्रयास करें। हम रचनात्मक चिंतन और नूतन विचारों के साथ काम करें। उच्चकोटि की संसदीय परंपराएं स्थापित हों। पक्ष, विपक्ष की मर्यादित सहमति-असहमति की अभिव्यक्ति हो। हम विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की इच्छाशक्ति के साथ काम करें।

### सहमति- असहमति लोकतंत्र की ताकत

उन्होंने कहा,सदन में सभी तरह के विचार आने चाहिए। सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। सभी सदस्यों की विचारधारा अलग है लेकिन देश सर्वोपरि है। मेरी अपेक्षा है कि सभी की सहमति से सदन चलाऊं और एक सदस्य वाले दल को भी पर्याप्त मौका मिले।

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्षों को भी किया याद

उन्होंने निर्वाचन आयोग को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बिरला ने लोकसभा के पूर्व अध्यक्षों को भी याद किया। बिरला ने संविधान दिवस मनाने की शुरुआत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने पिछले दो दिन में सदन की कार्यवाही के संचालन के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब, उनके पैनल के सदस्यों राधामोहन सिंह तथा फग्गन सिंह कुलस्ते का भी आभार व्यक्त किया।

### उम्मीद करता हूं कोई कार्रवाई नहीं करनी पड़ेगी


बिरला ने कहा कि व्यवधान लोकसभा की परंपरा का हिस्सा नहीं है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में उन्हें कोई कड़ी कार्रवाई नहीं करनी पड़ेगी। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने भौगोलिक चुनौतियों और मौसम संबंधी विषमताओं के बावजूद उत्साह से भाग लिया जिसके लिए जनता आभार की अधिकारी है।

आपातकाल पर मची रार

## बिरला ने निंदा प्रस्ताव पढ़ा तो विपक्ष ने किया हंगामा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला ने 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष का पद संभालते ही उन्होंने आपातकाल की बरसी पर सदन में प्रस्ताव पढ़ा और दो मिनट का मौन भी रखवाया। प्रस्ताव का जहां कांग्रेस के नेताओं ने विरोध किया, वहीं भाजपा ने स्वागत किया है। बिरला ने कहा कि ये सदन 1975 में देश में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसके साथ ही हम उन सभी लोगों की संकल्प शक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने आपातकाल का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। उन्होंने कहा, भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया था और बाबा साहब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया। इस पर विपक्ष भड़क गया और जमकर हंगामा किया। विपक्ष की नारेबाजी के बीच सदन को स्थगित कर दिया गया।



### नागरिकों से छीन ली गई थी उनकी आजादी

बिरला ने कहा कि आपातकाल के दौरान नागरिकों से उनकी आजादी छीन ली गई। ये वो दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया था। तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी थीं और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर भी अंकुश लगा दिया था। इमरजेंसी का वो समय हमारे देश के इतिहास में एक 'अन्याय काल' था, एक काला कालखंड था। बिरला ने कहा, आपातकाल लगाने के बाद उस समय की कांग्रेस सरकार ने कई ऐसे निर्णय किए, जिन्होंने हमारे संविधान की भावना को कुचलने का काम किया।

### युवा पीढ़ी को काले अध्याय के बारे में जरूर जानना चाहिए

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, हम ये भी मानते हैं कि हमारी युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के इस काले अध्याय के बारे में जरूर जानना चाहिए। इमरजेंसी के दौरान, गैर-कानूनी गिरफ्तारियों और सरकारी प्रताड़ना के चलते अनगिनत लोगों को यातनाएं सहनी पड़ीं थीं, उनके परिवारवालों को असीमित कष्ट उठाना पड़ा था। इमरजेंसी ने भारत के कितने ही नागरिकों का जीवन तबाह कर दिया था, कितने ही लोगों की मृत्यु हो गई थी। इमरजेंसी के उस काले कालखंड में, कांग्रेस की तानाशाह सरकार के हाथों अपनी जान गंवाने वाले भारत के ऐसे कर्तव्यनिष्ठ और देश से प्रेम करने वाले नागरिकों की स्मृति में हम दो मिनट का मौन रखते हैं।

### भाजपा सांसदों का संसद परिसर में प्रदर्शन




केंद्रीय मंत्रियों समेत भाजपा के सांसदों ने 1975 में आपातकाल लगाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। सांसदों ने बुधवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और संविधान की अवहेलना करने के लिए मुख्य विपक्षी पार्टी से माफी की मांग की। ज्ञात रहे कि भाजपा ने कांग्रेस को एक बार फिर आपातकाल के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में देशव्यापी कार्यक्रमों की भी शुरुआत की है।

भाजपा नीत राजग ने अभी नहीं खोले पत्ते

# विपक्ष की नजर अब डिप्टी स्पीकर के पद पर

एजेंसी | नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के लिए भाजपा सांसद ओम बिरला अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। लेकिन अभी भी लोकसभा के डिप्टी स्पीकर यानी उपसभापति पद को लेकर राजनीति गर्म है। विपक्ष डिप्टी स्पीकर का पद हासिल करने की उम्मीद कर रहा है। कांग्रेस के कई नेता खुले तौर पर इसकी मांग कर चुके हैं।

राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने भी डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिए जाने की हिमायत की है। उन्होंने मंगलवार को कहा था कि स्पीकर का पद सत्तारूढ़ दल को ही मिलना चाहिए लेकिन डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिए जाने की परम्परा रही है। वहीं, सत्तारूढ़ राजग की सबसे बड़ी घटक भाजपा ने अभी इस पर अपना रुख साफ नहीं किया है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा डिप्टी स्पीकर का पद अपने सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी(टीडीपी) या जनता दल(यू) में से किसी को देना चाहती है। वह इसके माध्यम से अपने सियासी समीकरण व सरकार में सहयोगी दलों की भागीदारी पर भी संतुलन साधने का प्रयास करेगी। ज्ञात रहे कि पिछली बार यानी 17वीं लोकसभा (2019-24) के कार्यकाल में लोकसभा में कोई भी डिप्टी स्पीकर नहीं था।

### बहुत अहम है डिप्टी स्पीकर पद

डिप्टी स्पीकर पद को लेकर संविधान के आर्टिकल 95(1) में नियम हैं। इसके अनुसार, अगर लोकसभा स्पीकर का पद खाली है, तो ऐसे में डिप्टी स्पीकर अध्यक्ष के कर्तव्यों का पालन करता है। सदन की अध्यक्षता करते समय डिप्टी स्पीकर के पास अध्यक्ष के समान सामान्य शक्तियां होती हैं। नियमों में 'स्पीकर' के सभी संदर्भ उस समय के लिए डिप्टी स्पीकर के संदर्भ माने जाते हैं जब वह अध्यक्षता करता है। वहीं आर्टिकल 93 में कहा गया है कि लोकसभा में जल्द से जल्द दो सदस्यों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त करना चाहिए। आर्टिकल 178 में राज्य विधानसभाओं में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए इसी तरह का प्रावधान है।

### अध्यक्ष की तरह ही चुना जाता है डिप्टी स्पीकर

जिस तरह स्पीकर का चुनाव होता है, वही नियम डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए भी है। डिप्टी स्पीकर का चुनाव सदन के सदस्य करते हैं। आमतौर पर लोकसभा और विधानसभा में नए सदन के पहले सत्र में स्पीकर को चुनाव जाने की प्रथा रही है। सांसदों की शपथ के बाद तीसरे दिन स्पीकर चुना जाता रहा है। वहीं दूसरे सत्र में डिप्टी स्पीकर का चुनाव होता है। लोकसभा में, डिप्टी स्पीकर का चुनाव लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम के तहत होता है। नियम 8 के अनुसार, चुनाव ऐसी तिथि पर होगा जिसे अध्यक्ष तय करेंगे। डिप्टी स्पीकर का चुनाव तब होता है जब उनके नाम का प्रस्ताव पारित हो जाता है।

### विपक्ष को कई बार मिला डिप्टी स्पीकर का पद

आमतौर पर विपक्ष का डिप्टी स्पीकर बनाया जाता रहा है। उदाहरण के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सरकार के दोनों कार्यकालों 2004 से 2009 और 2009 से 2014 तक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष के पास रहा। पहले कार्यकाल में शिरोमणि अकाली दल के चरणजीत सिंह अटवाल और दूसरे कार्यकाल में बीजेपी के करिया मुंडा को डिप्टी स्पीकर बनाया गया था। इसके अलावा 1999 से 2004 तक जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, तब कांग्रेस के पी एम सईद को डिप्टी स्पीकर बनाया गया था। सईद 1998 से 1999 तक अल्पकालिक बीजेपी सरकार के दौरान भी डिप्टी स्पीकर थे।

कांग्रेस: कर्नाटक में फिर गरमाई सियासत

# तीन और डिप्टी सीएम पर आलाकमान का फैसला होगा अंतिम: सिद्धारमैया

एजेंसी | बेंगलुरु

हाल के लोकसभा चुनावों में आशा के अनुरूप प्रदर्शन न होने के बीच कर्नाटक में कांग्रेस के भीतर ही भीतर सियासी खटपट की खबरें सामने आ रही हैं। राज्य में तीन और उप मुख्यमंत्रियों की मांग को लेकर कांग्रेस की अंदरूनी सियासत गरमा रही है। जबकि राज्य में वर्तमान में सिद्धारमैया इस वक्त मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे हैं वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता डी के शिवकुमार डिप्टी सीएम हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग पर पार्टी आलाकमान का फैसला अंतिम होगा।



सीएम सिद्धारमैया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आलाकमान जो भी फैसला लेता है, वह अंतिम होता है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के भीतर एक वर्ग का मानना है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान सिद्धरमैया खेमे की योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं।

### कई मंत्रियों ने की डिप्टी CM की मांग

सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना, आवास मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकिहोली और कुछ अन्य नेताओं ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक बार फिर तीन और उपमुख्यमंत्रियों की मांग की थी। इन्हें सिद्धरमैया का करीबी माना जाता है। पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार और सिद्धरमैया के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर कांग्रेस ने फैसला किया था कि शिवकुमार एकमात्र उपमुख्यमंत्री होंगे।

### इसलिए हो रही है मांग

दरअसल, राज्य के कुछ मंत्री वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद दिए जाने की वकालत कर रहे हैं। ज्ञात रहे कि मौजूदा डिप्टी सीम डीके शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से हैं।

### शिवकुमार ने जताई नाराजगी

कर्नाटक में मचे इस पूरे इस सियासी बवाल के बीच उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने तीन और डिप्टी सीएम की मंत्रियों की मांग पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने ने कहा है कि पार्टी इसका उचित जवाब देगी। ज्ञात रहे कि डीके शिवकुमार ही कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष भी हैं। शिवकुमार ने कहा कि अगर कोई कुछ कहता है तो आपलोग (मीडिया) उसे खबर बना देते हैं। शिवकुमार ने कहा, आपको मल्लिकार्जुन खरगे (कांग्रेस अध्यक्ष) और हमारे प्रभारी महासचिव से मिलना चाहिए या फिर मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए। गौरतलब है कि डीके शिवकुमार को कांग्रेस का संकटमोचक भी माना जाता है और वह कई राज्यों में सरकार गिरने की स्थिति में पार्टी की मदद कर चुके हैं। उन्हें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीबी नेताओं में गिना जाता है।

### सैम पित्रोदा की वापसी, फिर बने ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के दौरान एक बयान को लेकर विवादों के घेरे में सैम पित्रोदा को कांग्रेस में एक बार फिर से अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें फिर से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस का चेयरमैन बनाया गया है। पित्रोदा ने इस साल मई में ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि भारतीयों की शक्ल-सूरत को लेकर उनकी टिप्पणी विवादों में घिर गई थी। कांग्रेस पार्टी ने तब पित्रोदा की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पित्रोदा के पद छोड़ने के फैसले की जानकारी दी थी। पोस्ट में कहा गया था, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन पद से हटने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनके फैसले को स्वीकार कर लिया है।

## जरूरी खबर

### बांग्लादेश के दो आतंकियों को पांच साल की कैद

**आईजोल।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने बांग्लादेशी आतंकी संगठन अंसल-अल-इस्लाम के दो आतंकियों को भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने के आरोप में पांच वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोनों को दस-दस हजार रुपए जुर्माना भरने को भी कहा गया है। एनआईए के एक बयान के अनुसार बांग्लादेशी नागरिक महमूस हसन और मोहम्म्द सैयद हुसैन को सजा सुनाई गई है। दोनों आतंकी अवैध रूप से भारत में घुसे थे और यहां अलग-अलग जगहों में रह रहे थे। दोनों आतंकियों ने फर्जी दस्तावेजों के दम पर अपने पहचान पत्र तैयार किए थे। जांच एजेंसी ने दोनों के खिलाफ 23 जनवरी 2020 को आरोप पत्र दायर किया गया था। एनआईए को वर्ष 2019 के सितंबर महीने में इस मामले की जांच सौंपी गई थी।

### प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज



**बेंगलुरु।** विशेष जन प्रतिनिधि न्यायालय ने बुधवार को कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज कर दी है। वह कर्नाटक के होलेनरसिपुरा पुलिस स्टेशन में अपने पिता एचडी रेवन्ना के साथ दर्ज एक मामले में आरोपी हैं। प्रज्वल इस समय एक विशेष जांच दल की हिरासत में है। इसका गठन यौन अपराधों में उनकी संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए किया गया है। प्रज्वल को 31 मई को जर्मनी से लौटने के तुरंत बाद गिरफ्तार किया गया था।

### म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्रों में हिंसा पर भारत चिंतित

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यांमार में भारतीय सीमा के पास जारी हिंसा पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बुधवार को म्यामांर के विदेश मंत्री यू थान श्वे से मुलाकात के दौरान उन्हें भारत की चिंता से अवगत कराया और वहां फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने में सहयोग करने की भी मांग की। जयशंकर ने कहा कि भारत, म्यामांर में हिंसा की स्थिति से निपटने के लिए सभी पक्षों से बातचीत करने के लिए तैयार है। जयशंकर ने म्यांमार के उप प्रधानमंत्री के साथ भी मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी।

## मादक पदार्थों का सेवन व तस्करी रोकने की शपथ



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले और उपभोक्ता मामले, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा बुधवार को नई दिल्ली में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित मादक द्रव्यों के सेवन एवं अवैध तस्करी विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस'कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मादक द्रव्यों का सेवन रोकने की शपथ ली गई।

### विवाहित महिलाओं को नौकरी नहीं देने पर मांगी रिपोर्ट

**चेन्नई।** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने फॉक्सकॉन इंडिया के एप्पल आईफोन प्लांट में विवाहित महिलाओं को काम करने की अनुमति नहीं देने के मुद्दे पर तमिलनाडु के श्रम विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस बारे में मीडिया में खबरें आई थी। जिसके बाद श्रम विभाग ने यह कदम उठाया है। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 की धारा 5 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पुरुष और महिला श्रमिकों की भर्ती करते समय कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि चूंकि राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों के प्रवर्तन और प्रशासन के लिए उपयुक्त प्राधिकारी है, इसलिए उससे रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही, इसने कहा कि क्षेत्रीय मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय को भी श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मीडिया में आई इस आशय की खबरों पर संज्ञान लिया है।

**शराब घोटाला केस में दिल्ली के सीएम को फिर झटका**

# कोर्ट ने CM केजरीवाल को 3 दिन के CBI रिमांड पर भेजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में अगली सुनवाई 29 जून को होगी। केजरीवाल को सीबीआई ने बुधवार सुबह गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आरोप लगाया कि जिस कैबिनेट ने नई आबकारी नीति को मंजूरी दी थी, उसका ना महज अरविंद केजरीवाल हिस्सा थे, बल्कि उन्होंने इस घोटाले में अहम भूमिका भी निभाई थी। इससे पहले केजरीवाल को बुधवार को तिहाड़ जेल से कड़ी सुरक्षा में अदालत में पेश किया गया। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें गिरफ्तार करने की अर्जी दी। इसे अदालत ने मंजूर कर लिया।



### केजरीवाल के वकील ने याचिका वापस ली

दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि वो सुप्रीम कोर्ट में लम्बित अपनी याचिका को वापस ले रहे है। इस याचिका में उन्होंने 21 जून के हाईकोर्ट के जमानत पर रोक संबंधी आदेश को चुनौती दी थी। क्योंकि हाई कोर्ट ने मंगलवार को जमानत पर रोक जारी रहने का आदेश दिया था। अब वे संशोधित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल करेंगे। नई याचिका दायर करने की छूट देते हुए न्यायाधीश मनोज मिश्रा और न्यायाधीश एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने याचिका को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया।

केजरीवाल ने अदालत के समक्ष दावा किया कि वह इस मामले में निर्दोष हैं। अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत ने मामले में केजरीवाल की पांच दिन की सीबीआई की हिरासत की याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। बाद में अदालत ने फैसले में कहा- सीबीआई के आवेदन को 3 दिन के लिए अनुमति दी जाती है।

### सिसोदिया को दोषी नहीं बताया:केजरीवाल


केजरीवाल ने अदालत से कहा कि सीबीआई सूत्रों के हवाले से मीडिया में दिखाया जा रहा है कि मैंने पूरा दोष मनीष सिसोदिया पर डाल दिया है। मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि सिसोदिया दोषी हैं या कोई और दोषी है। मैंने कहा है कि सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के साथ मैं भी निर्दोष हूं। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीआई इस मामले को सनसनीखेज बना रही है।

### केजरीवाल को हिरासत में मिलेंगी ये सुविधाएं, पत्नी से मिल सकेंगे

अदालत ने केजरीवाल को सीबीआई हिरासत में कई सहूलियतें देने के आदेश दिए। अरविंद केजरीवाल के अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने अदालत से मांग की कि रिमांड अवधि के दौरान केजरीवाल को घर का खाना और दवाइयां देने की अनुमति दी जाए। साथ ही केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और अन्य दो वकीलों को आधा-आधा घंटा मिलने का समय दिया जाए। केजरीवाल की ओर से यह भी कहा गया कि वह सोने से पहले गीता पढ़ते हैं इसलिए उन्हें गीता पढ़ने की इजाजत दी जाए। अदालत ने केजरीवाल की इन मांगों को मंजूर कर लिया। केजरीवाल रोजाना एक घंटा पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिल सकेंगे।

**J&K: हथियार व गोला-बारूद बरामद**

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 आतंकी ढेर



**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने एक भीषण मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी घाटी में सेना और पुलिस पर हाल ही में हुए हमलों में शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से अमेरिका निर्मित एम4 कार्बाइन सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि पुलिस को बुधवार सुबह तलाशी अभियान के दौरान तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। पिछले सप्ताह डोडा और राजौरी, पुंछ क्षेत्रों में सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों के बाद आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अभियान तेज कर दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। माना जा रहा है कि मुठभेड़ स्थल पर तीन से चार आतंकवादी फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी जारी थी। इसी बीच, अधिकारियों ने बताया कि राजौरी जिले के चिंगस इलाके के पिंड गांव से मंगलवार को एक चीनी हथगोला बरामद किया।

**नीट पेपर लीक मामला: सीबीआई ने तेज किया जांच अभियान**

## बिहार: दो आरोपी सात दिन की सीबीआई रिमांड पर

**एजेंसी** | पटना

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में बिहार की बेऊर जेल में बंद बालदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश से सीबीआई पूछताछ करेगी। पटना की विशेष सीबीआई अदालत ने बुधवार को जांच एजेंसी के आवेदन पर दोनों को 27 जून से सात दिनों की रिमांड पर सौंपने का आदेश दे दिया। मामले की जांच कर रही दिल्ली सीबीआई की टीम गुरुवार को दोनों आरोपितों को बेऊर जेल से रिमांड पर लेगी। सीबीआई टीम अपने वकील अमित कुमार के साथ बुधवार को पटना सिविल कोर्ट स्थित सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत में पहुंची। सीबीआई ने आवेदन दायर कर मुकेश और चिंटू की पुलिस रिमांड मांगी। इस पर अदालत ने रिमांड पर लेने अनुमति दे दी। आरोप कि मुकेश कुमार ही अपनी गाड़ी से नीट के अभ्यर्थियों को उस स्कूल तक ले जाता था जहां उन्हें प्रश्न पत्र का उत्तर रटवाया जा रहा था।





### गुजरात के दो स्कूलों में पहुंची CBI टीम

इस बीच, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में बुधवार को गुजरात के खेड़ा और पंजमहल जिलों के दो निजी स्कूलों का दौरा किया। इन स्कूलों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। टीम ने कक्षाओं की तस्वीरें लीं और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। दोनों स्कूल सौ किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं और इनका स्वामित्व एक ही व्यक्ति के पास है। गोधरा पुलिस ने आठ मई को तीन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। आरोप था कि इन तीनों ने नीट-यूजी की परीक्षा पास करने में 27 अभ्यर्थियों की मदद करने की कोशिश की थी।

**टी 20 विश्व कप में बनेगा इतिहास**

## भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबला आज

**एजेंसी** | गुयाना

टी20 विश्व कप 2024 के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 27 जून को खेले जाएंगे। पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के सामने दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। यह मैच त्रिनिदाद में खेला जाएगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में टीम इंडिया का सामना गत चैंपियंस इंग्लैंड से है। यह मैच गुयाना में खेला जाएगा। इस मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम इंग्लैंड के खिलाफ दबाव वाले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में शांत रहने और चीजों को सरल रखने पर ध्यान दे रही है। माना जा रहा है कि भारतीय टीम एडिलेड ओवल में 2022 सेमीफाइनल में मिली 10 विकेट की करारी हार का बदला लेने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

**डीआरडीओ की एक और कामयाबी**

# दुश्मन के रडार की पकड़ में नहीं आएंगे नौसेना के पोत

- जोधपुर स्थित रक्षा प्रयोगशाला ने विकसित किया खास रॉकेट, बना देता है माइक्रोवेव शील्ड

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक खास तकनीक विकसित की है। इस तकनीक के तहत डीआरडीओ ने भारतीय नौसेना के लिए खास रॉकेट बनाए हैं। ये रॉकेट न केवल दुश्मन के रडार संकेतों को अस्पष्ट कर देते हैं, बल्कि प्लेटफॉर्म और एसेट्स के चारों तरफ एक खास माइक्रोवेव शील्ड बना देते हैं, जिससे जहाज दुश्मन के रडार की पकड़ में आने से बच जाता है।

डीआरडीओ की जोधपुर स्थित रक्षा प्रयोगशाला ने नौसेना के लिए मध्यम दूरी के माइक्रोवेव ऑब्स्क्यूरेंट चैफ रॉकेट (एमआर-एमओसीआर) विकसित किए हैं। यह रॉकेट बुधवार को नौसेना में शामिल किए गए। यह एक ऐसी तकनीक है, जो दुश्मन के रडार में संकेतों को अस्पष्ट करती है। जब यह रॉकेट दागा जाता है तो प्लेटफार्मों और परिसंपत्तियों के चारों ओर माइक्रोवेव शील्ड बनाता है और शत्रु के रडार के खतरों के विरुद्ध एक प्रभावी सुरक्षा कवच का निर्माण करता है। इस प्रकार यह रडार की पकड़ में आने की संभावना को कम कर देता है। इनमें एक खास प्रकार फाइबर्स का इस्तेमाल किया गया है।



### ऐसे चला परीक्षण का सिलसिला

एमआर-एमओसीआर के पहले चरण के परीक्षणों को भारतीय नौसेना के जहाजों पर सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। इस दौरान माइक्रोवेव्स का एक बादल लगातार बना रहा है। वहीं, दूसरे चरण के परीक्षणों में, रडार क्रॉस सेक्शन (आरसीएस) ने हवाई एरियल टारगेट को 90 फीसदी तक कम कर दिया। जिसके बाद नौसेना की ओर से इसे मंजूरी दे दी गई औऱ अब इसे नौसेना को सौंप दिया गया है।

### राजनाथ सिंह ने की सराहना

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एमआर-एमओसीआर की सफलता पर डीआरडीओ और भारतीय नौसेना की सराहना की है। उन्होंने एमओसी तकनीक को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम बताया। नौसेना आयुध निरीक्षण महानिदेशक ने भी कम समय में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस तकनीक को स्वदेशी रूप से विकसित करने के लिए डीआरडीओ के प्रयासों की सराहना की है।

**अमेरिकी उप विदेश मंत्री ने कहा...**

## भारत-रूस सैन्य संबंधों से चिंता, दिल्ली पर है भरोसा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने बुधवार को कहा कि सैन्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस के साथ भारत की साझेदारी को लेकर अमेरिका की कुछ चिंताएं हैं। लेकिन वॉशिंगटन को प्रमुख क्षेत्रों में भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए नई दिल्ली पर भरोसा है।

बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने यह बयान एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान दिया। यह मीडिया ब्रीफिंग कैंपबेल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की पिछले हफ्ते भारत यात्रा पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच स्पष्ट बातचीत है। हम प्रमुख देशों के साथ अपने साझा संबंधों पर चर्चा करते हैं, जिनमें रूस के साथ भारत का संबध भी शामिल है।

कैंपबेल ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ ज्यादा गहरा और मजबूत तकनीकी संबंध विकसित करना चाहता है। उन्होंने कहा, हम इस बात को लेकर स्पष्ट रहे हैं कि भारत और रूस के बीच जारी संबंधों से कौन से क्षेत्र सैन्य और तकनीकी रूप से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, हमने कुछ चिंताएं व्यक्त की हैं। लेकिन हम उसके साथ विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

## राष्ट्र स्तरीय कलाकार शिविर 'कला मंथन' का समापन

# समसामयिक कला चर्चा में रमे और एक दूसरे के कला कर्म को जाना

**बेधड़क** | जयपुर

कला चर्चा ट्रस्ट, ड्रॉइंग एंड पेंटिंग विभाग, विजुअल आर्ट्स विभाग और एलुमनी एसोसिएशन विजुअल आर्ट्स विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तरीय कलाकार शिविर कला मंथन का बुधवार को समापन हुआ।

पांच दिवसीय कला मंथन शिविर के तृतीय संस्करण की शुरुआत योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत की गई थी। शिविर के अंतिम दिन सुरेंद्र सिंह द्वारा एनामलिंग के डेमो के साथ सृजनात्मक व रचनात्मक गतिविधियों से भरपूर रहा।

शिविर में भाग लेने आए उज्जैन से वरिष्ठ कलाकार चंद्रशेखर काले, देवास से मनोज पंवार, वड़ोदरा से अजीत वर्मा, गोरखपुर से डॉ. भारत भूषण, उदयपुर से चेतन औदिच्य, निम्स विश्वविद्यालय विजुअल आर्ट्स विभाग के विभागाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, देहरादून से सुरेंद्र सिंह, जयपुर से डॉ. रीता पांडे, रितिक पटेल, ताराचंद शर्मा, डॉ. रेणु शाही, नीलम नियाजी, जयश्री शर्मा, धीरज सैनी, रुचि दीक्षित, आकाश जांगिड, पूजा भारद्वाज और हिमाक्षी शर्मा ने अपने अपने कैनवास कार्य किया।

कलाचर्चा संयोजक ताराचंद शर्मा ने बताया कि सभी कलाकारों ने शाम को समसामयिक कला चर्चा में भाग लिया और एक दूसरे के कला कर्म को अनुभव किया।








### संतोष की स्मृति में दिया जाता है सम्मान

संतोष स्मृति कलाचर्चा सृजन सम्मान संतोष की स्मृति में डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी आईएएस द्वारा समकालीन कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करनेवाले समर्पित कलाकार को कलाचर्चा ट्रस्ट के माध्यम प्रतिवर्ष दिया जाता है। कलाकार शिविर के समापन अवसर मुख्य अतिथि डॉ. अंजलिका शर्मा (डीन, फैकल्टी फाइन आर्ट्स) कार्यक्रम की अध्यक्षता कलाविद प्रो. सी.एस.मेहता (पूर्व अध्यक्ष राजस्थान ललित कला अकादमी एवं वरिष्ठ कलाकार) ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं सभी सम्मानित आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर शिविर में तैयार कलाकृतियों की कला प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसका सभी स्टूडेंट्स और कलाकारों ने आस्वादन किया

### औदिच्य को सृजन सम्मान

इस अवसर कला चर्चा द्वारा वर्ष 2023 के लिए समकालीन कला के क्षेत्र में दिया जाने वाला प्रतिष्ठित संतोष स्मृति कलाचर्चा सृजन सम्मान से कला मंथन तृतीय संस्करण के दौरान उदयपुर के वरिष्ठ कलाकार, साहित्यकार एवं शिक्षाविद चेतन औदिच्य को प्रदान किया गया है। चेतन औदिच्य को मुख्य अतिथि डॉ. अंजलिका शर्मा (डीन, फैकल्टी फाइन आर्ट्स) कार्यक्रम की अध्यक्षता कलाविद प्रो. सी.एस.मेहता (पूर्व अध्यक्ष राजस्थान ललित कला अकादमी एवं वरिष्ठ कलाकार) ने सम्मान स्वरूप इक्कीस हजार रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान किया।


## एप्रिन पर बनाएंगे पेंटिंग



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश में सुखद बारिश की कामना के लिए जयपुर के चित्रकार रंग मल्हार कार्यक्रम में एप्रिन पर पेंटिंग बनाएंगे। राजस्थान ललित कला अकादमी परिसर में सात जुलाई को यह आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ चित्रकार विद्यासागर उपाध्याय की पहल पर शुरू हुए इस इवेंट को इस बार पांच दिवसीय आयोजन के रूप में प्लान किया गया है। जहां पहले दिन सात जुलाई को शहर के कलाकार एक साथ एक ही थीम पर पेंटिंग बनाएंगे। जयपुर में इस बार 10 विदेशी कलाकार भी इसमें हिस्सा लेते नजर आएंगे। विद्यासागर उपाध्याय और विनय शर्मा ने बताया कि अकादमी परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम में सभी पार्टिसिपेंट्स को एप्रिन दिया जाएगा और उन्हें उसी पर कलाकृतियां उकेरनी होंगी।

## अविशा पारख को स्कॉलरशिप

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की 11 साल की अविशा पारख को केन्द्र सरकार की सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना (सीटीएसएस) के तहत स्कॉलरशिप मिली है। अविशा कथक गुरु और प्रसिद्ध नृत्यांगना अदिति सोगानी से कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। अविशा रवींद्र मंच, बिड़ला ऑडिटोरियम, आरआईसी जैसे बड़े मंचों पर प्रस्तुतियां दे चुकी हैं।



## डॉ. दीक्षित को वुमन लीडर्स अवॉर्ड

जयपुर। जगतपुरा निवासी डॉ. प्रभात दीक्षित को राजस्थान वुमन लीडर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मीडिया एजुकेटर और शिक्षक डॉ. दीक्षित को यह अवॉर्ड उनकी एकेडमिक, रिसर्च और सोशल वर्क के लिए मिला है। बुधवार को होटल देवी रतन में आयोजित समारोह में डॉ. दीक्षित को यह अवॉर्ड सीएमओ एशिया-वर्ल्ड वुमन लीडरशिप कांग्रेस की ओर से दिया गया है। डॉ. प्रभात दीक्षित को सोशल वर्क के लिए ऐजवेल फाउंडेशन और अनसंग स्टार्स समेत कई अन्य अवॉर्ड मिल चुके हैं।



## City इवेंट्स

### निकुंज छीपा ने जीता गोल्ड




**बेधड़क. जयपुर।** एसएमएस स्टेडियम में आयोजित जयपुर डिस्ट्रिक्ट समर ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में फार्मासिस्ट निकुंज छीपा ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 45 प्लस आयु वर्ग के सिंगल्स और डबल्स दोनों मुकाबलों में गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। सिंगल्स में निकुंज ने सेमीफाइनल में मुनीश के बाद फाइनल में संजय को हराकर खिताब अपने नाम किया, वहीं डबल्स के फाइनल मुकाबले में निकुंज ने अपने युगल साथी मनमोहन के साथ खेलते हुए आलोक व नरेश की जोड़ी को मात देते हुए खिताब को अपने नाम कर लिया। निकुंज पिछले पांच सालों से युगल खिताब जीतते आ रहे हैं, लेकिन पहली बार उन्होंने एकल और युगल दोनों खिताब को एक साथ अपने नाम किया है। बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत, कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता व कोच यादवेन्द्र शेखावत ने निकुंज को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मौर्य द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र मौर्य द्वारा संपादित पुस्तक वर्तमान परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण का विमोचन महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता विभाग राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने किया। इस अवसर पर समिति की सचिव सुशीला भट्ट, राकेश महावर, रवि महावर आदि उपस्थित रहे।

### कैम्प में कथक, जुम्बा, ऐरोबिक्स




**बेधड़क. जयपुर।** जगतपुरा स्थित अर्पण म्यूजिक संस्थान में समर कैम्प में बच्चे कथक जुम्बा, बोलिऊड, ऐरोबिक्स, राजस्थानी डांस के स्पेशल कैम्प में प्रशिक्षण ले रहे हैं। संस्थान की गुरु रुपाली व ऐसानी गौड़ ने बताया कि इस कैम्प के दौरान 5 वर्ष से 50 वर्ष की आयु तक के सहभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारी गर्मी के बाद भी बच्चों मे अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां तक कि बच्चों के माता पिता भी बच्चों की संस्थान तक लाने लेजाने में पूरा सहयोग कर रहे हैं। संस्था मे कथक सीखने वाले सभी बच्चे लगातार रियाज कर अपने हुनर की तरासने मे लगे हुए हैं।

## वासुपूज्य का गर्भ, विमल नाथ का मोक्ष कल्याणक आज

# मंदिरों में प्रातः अभिषेक, शांतिधारा के साथ होगी विशेष पूजा अर्चना





**बेधड़क** | जयपुर

जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक एवं तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमल नाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस गुरुवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इस मौके पर मंदिरों में प्रातः अभिषेक, शांतिधारा के बाद दोनों तीर्थंकरों की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। पूजा के दौरान भगवान वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक श्लोक एवं भगवान विमल नाथ का मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाया जाएगा।

इस मौके पर मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावड़ी, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मनिहारों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर संघीजी, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, एसएफएस दिगम्बर जैन मंदिर, मीरा मार्ग दिगंबर जैन मंदिर, तारों की कूट पर सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित कई मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। सोमवार 1 जुलाई को जैन धर्म के इक्कीसवें तीर्थंकर भगवान नमिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

## राजस्थान सिन्धी अकादमी की मासिक अदबी गोष्ठी

# साहित्यकार के जीवन चरित्र और उनके रचना संसार पर विमर्श



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर स्थित अकादमी संकुल में बुधवार को मासिक अदबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। अकादमी सचिव योगेन्द्र गुरनानी ने बताया कि गोष्ठी की अध्यक्षता जोधपुर के साहित्यकार डा.प्रदीप गेहानी ने की। गोष्ठी में गीता गोकलानी ने 'कवि दिलगीर जे कविताऊनि में गूनागूनियत' विषयक आलेख प्रस्तुत किया। ज्योति पहलवानी ने कहानी 'नई पहल', महेश किशनानी ने कविता प्रस्तुत की। रमेश रंगानी ने 'नाटककार वासेदव निर्मल' की कविताओं एवं नाटकों पर पत्र वाचन किया। रोमा चांदवानी ने आलेख प्रस्तुत किया। डा.दीक्षिता अजवानी ने सिन्ध के इतिहास पर प्रकाश डाला। रंगकर्मी गोपाल ने जेठ महीने में बनने वाले विशेष सिन्धी व्यंजनों के बारे में बताया। नमिषा खेमनानी ने गायक सतराम रोहिड़ा की गायकी तथा डा.प्रदीप गेहानी ने कवि मूलानी के कविता संसार पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार डा.खेमचंद गोकलानी, डा.माला कैलाश, पूजा चांदवानी, पार्वती भागवानी, मधु कालानी, डा.विवेकानन्द गोस्वामी, वंदिता आहूजा, हेमा मलानी, वीना प्रियदर्शना, ज्योति पहलवानी, प्रिया ज्ञानानी, ऋचा ईसरानी, कविता तनवानी, महेश किशनानी, मनोज आडवानी तथा अकादमी के पूर्व सदस्य एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण** | अशैक्षणिक कार्मिकों के सॉफ्ट स्किल्स कार्यक्रम का समापन

# स्किल्स सीखे, विभिन्न गतिविधियों से समझा टीम वर्क

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के टीचिंग-लर्निंग सेंटर एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के अशैक्षणिक कार्मिकों के लिए आयोजित किए गए सात दिवसीय 'सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम' का समापन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा संचार कौशल (कम्युनिकेशन स्किलस) के विभिन्न पहलुओं के बारे में कार्मिकों को जानकारी दी गई। दूसरे दिन रिषिता शर्मा द्वारा बेसिक राइटिंग स्किल्स के बारे में जानकारी दी। तीसरे दिन डॉ. मोहिता चतुर्वेदी शर्मा व डॉ. टीना सिंह भदौरिया द्वारा टीमवर्क से संबंधित गतिविधि कराकर टीमवर्क के महत्व के बारे में समझाया।



### प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीडबैक लिया

चौथे व पांचवें दिन डॉ. प्रीति शर्मा ने वाक्य अनुवाद करना, व्यक्तिगत विकास, शिष्टाचार व स्वच्छता की जानकारी दीं। कार्यक्रम के छठे दिन प्राध्यापिका रिषिता शर्मा द्वारा डेली कम्युनिकेशन में उपयोग किये जाने मौखिक (वर्बल) व अशब्दिक (नॉनवर्बल) के उपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम दिन अशैक्षिणक कर्मचारियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीडबैक लिया गया।

### सीखने की कोई उम्र नहीं होती

महाविद्यालय सचिव विमल कुमार भाटिया ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी द्वारा कर्मचारियों का उत्साहवर्द्धन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल द्वारा कर्मचारियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया व उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के लिए आगे भी इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करवाया जाता रहेगा। मंच संचालन डॉ. टीना सिंह भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में टीएलसी सदस्यों डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. मोहिता चतुर्वेदी शर्मा, डॉ. टीना सिंह भदौरिया, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. भारती गोधवानी रूखसार खान, डॉ. रीमा श्रीवास्तव की सक्रिय भूमिका रही। अंत में डॉ. रीमा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 27 जून, 2024



मजबूत दिमाग विचारों पर चर्चा करता है, औसत दिमाग घटनाओं पर चर्चा करता है, कमजोर दिमाग लोगों पर चर्चा करता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

# केन्या में हिंसक प्रदर्शन, संसद भवन में आग

**एजेंसी** | नैरोबी (केन्या)

केन्या में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच भारत ने अपने नागरिकों को अफ्रीकी देश में मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी है। केन्या में स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक एडवाइजरी पोस्ट में कहा कि मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए केन्या में सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही को प्रतिबंधित करने और स्थिति साफ होने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों से बचने की सलाह दी जाती है।भारतीय उच्चायोग ने कहा कि केन्या में रहने वाले भारतीय नागरिकों को अपडेट के लिए स्थानीय समाचार और मिशन की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल का पालन करना चाहिए। भारत सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि केन्या में टैक्स का बोझ बढ़ाए जाने से गुस्साए लोग संसद परिसर में घुस गए और संसद भवन के एक हिस्से में आग लगा दी। नैरोबी में प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस से झड़प में 10 लोगों की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की सौतेली बहन और केन्याई एक्टिविस्ट औमा ओबामा भी उन प्रदर्शनकारियों में शामिल थीं, जिन पर नैरोबी में संसद भवन के बाहर प्रदर्शन के दौरान आंसू गैस छोड़ी गई। दरअसल, वहां की संसद में सांसदों ने हाल ही में एक विवादास्पद विधेयक पारित किया था जिसके तहत नए कर लगाए जाएंगे।



### प्रदर्शनकारियों और पुलिस झड़प में 10 की मौत



**क्या है मामला:** केन्या की राजधानी नैरोबी और देश भर के अन्य शहरों में केन्याई संसद द्वारा टैक्स में वृद्धि का प्रस्ताव करने वाले एक विवादास्पद विधेयक को पारित करने के बाद हिंसक झड़पें और प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने केन्या के राष्ट्रपति रूटो पर आरोप लगाया है कि उन्होंने 2022 में राष्ट्रपति बनने के बाद जनता के साथ धोखा किया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि रूटो ने गरीबों की मदद करने का वादा किया था। उन्होंने टैक्स न बढ़ाने और लोन की लागत को कम करने के लिए सरकार के नए वित्त विधेयक को पूरी तरह से खारिज करने की बात कही थी।

### दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने जताया विरोध

# लॉन्चिंग के बाद उत्तर कोरिया की मिसाइल में हुआ विस्फोट

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया ने बुधवार को अपने पूर्वी तट से हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया, लेकिन यह लॉन्चिंग के कुछ समय बाद हवा में ही फट गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि मिसाइल को प्योंगयांग के पास से लांच किया गया था। जापान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल ने लगभग 100 किमी की ऊंचाई और 200 किमी से अधिक की दूरी तय की। दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के वरिष्ठ अधिकारियों ने लॉन्चिंग की निंदा करते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन और शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया। अमेरिकी



हिंद-प्रशांत कमान ने कहा है कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 30 मई को भी एक मिसाइल का परीक्षण किया था। उत्तर कोरिया ने इस सप्ताह दक्षिण कोरिया और जापान के साथ संयुक्त अभ्यास के लिए अमेरिकी विमानवाहक पोत की तैनाती की आलोचना की थी। यह मिसाइल प्रक्षेपण कोरियाई युद्ध की शुरुआत की 74वीं वर्षगांठ के एक दिन बाद हुआ है। पिछले हफ्ते, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक शिखर सम्मेलन में पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### बलूचिस्तान के गृह मंत्री का दावा... भारत करता है आर्थिक मदद

# पाक में आतंकी संगठन TTP के दो कमांडर अरेस्ट

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो कुख्यात कमांडरों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आतंकवादियों की गिरफ्तारी संघीय कैबिनेट के ऑपरेशन आज्म-ए-इस्तेहकम को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई हैं। प्रांत के गृहमंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान में जारी आतंकवादी गतिविधियों में पड़ोसी मुल्क भारत का हाथ है। प्रांत के गृहमंत्री मीर जियाउल्लाह लैंगोव ने बुधवार को क्वेटा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो कुख्यात कमांडरों नसरुल्ला उर्फ मौलवी मंसूर और इदरीस उर्फ इरशाद को गिरफ्तार किए जाने की घोषणा की।

बलूचिस्तान के गृहमंत्री लैंगोव



ने कहा कि आतंकवादी नसरुल्ला और इदरीस को मुश्किल अभियान के बाद गिरफ्तार किया जा सका। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) भारत के हाथों खेल रहे हैं। दोनों पड़ोसी मुल्क के इशारे पर पाकिस्तान में आतंकवादी हमले करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

# पाकिस्तान में लू से 25 लोगों की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में पिछले तीन दिन में भीषण गर्मी के दौरान लू लगने से 25 लोगों की मौत हो गई और हजारों लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बचाव दल और स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी है।चिकित्सकों ने बताया कि तेज गर्मी के कारण कई मरीजों के शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) हो गई, जिन्हें



अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। स्थानीय मीडिया ने अस्पताल के सूत्रों के हवाले से बताया कि हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों से पहले से पीड़ित कुछ लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पिछले तीन दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिसका मुख्य कारण शहर में समुद्री हवा का रुक जाना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार शाम को कराची में समुद्री हवाएं फिर से चलेंगी, जिससे तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी।

## पश्चिमी नाइजर में आतंकी हमले में 20 सैनिकों की मौत

**नियामी**। नाइजीरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिमी नाइजर के टिल्लाबेरी क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में 20 सैनिक मारे गए। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा और सुरक्षा बलों की एक टुकड़ी पर तासिया गांव के बाहरी इलाके में सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने हमला किया, जिसके कारण 20 सैनिक और एक नागरिक सहित 21 लोग मारे गए।

### बढ़ाया दोस्ती का हाथ

# पाक बोला-भारत से नहीं चाहते दुश्मनी

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद अब पाकिस्तान भारत से संबंध सुधारना चाहता है। भारत-पाकिस्तान के बीच कुछ समय से तनाव देखा गया था। पाकिस्तान कोई भी कदम भारत के चुनाव परिणामों के बाद लेना चाहता था। चुनावों के बाद फिर पाकिस्तान रिश्ते सुधारने में लगा है।

पाकिस्तान के डिप्टी प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत के लिए एक सकारात्मक संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि उनका देश 'निरंतर शत्रुता' में विश्वास नहीं रखता है। इसके साथ उन्होंने बीजेपी नेतृत्व वाली मोदी सरकार 3.0 से भविष्य के संबंधों पर 'गंभीर चिंतन' करने का आग्रह किया।



### पहले शांति की बात फिर उगला जहर

कभी डार शांति की बात करते दिखे तो कभी उन्होंने भारत के खिलाफ बयान दिया। आगे उन्होंने बीजेपी सरकार से संबंधों को लेकर विचार करने का आग्रह किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा बातचीत के जरिए रचनात्मक जुड़ाव के लिए ग्रहणशील रहा है, जिसमें सभी लंबित मुद्दे शामिल हैं। पाकिस्तान कभी भी एकतरफा दृष्टिकोण या भारत की इच्छा या आधिपत्य को लागू करने के प्रयासों पर सहमत नहीं होगा। डार ने पहले शांति की बात करते-करते आखिर में भारत के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया।

'इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रेटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद' में एक संबोधन में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा अच्छे पड़ोसियों वाले संबंध चाहता है। उन्होंने कहा हमारे पूर्व में भारत से संबंध ऐतिहासिक रूप से अशांत रहे हैं। पाकिस्तान लगातार शत्रुता में विश्वास नहीं रखता। हम आपसी सम्मान, संप्रभु समानता और लंबे समय से जारी जम्मू-कश्मीर विवाद के न्यायोचित और शांतिपूर्ण समाधान के आधार पर भारत के साथ अच्छे पड़ोसियों वाले संबंध चाहते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl